# अथ सतसंगसागर पूजरा ॥

## अथ संकल्प ॥

ॐ विस्वंविस्नुं जम्बूदीपे भारतखंडे आर्जावर्ते पुन्निछेत्रे कलउजुगे सम्बत्सरे रुद्रायदिने आत्माजसे सतसंगसागरे श्रवणाय वांछना फले प्राप्त महंकरिखे संकल्प इति ॥

( अथ अस्नान ) जलअस्नानं नीचयं भस्मअस्नानं उत्तिमं । ज्ञानअस्नानं परम्पद्म सोयं ब्रह्म नमस्त्वत्म इति अस्नान ॥ ( अथ चंदनमंत्र ) मलयत प्रमात्मं आनन्दब्रह्मं इति गंध ( अथ फूलमंत्र ) पुस्पाय पूँएमजसयत अनन्द्म इतिपुस्प ( अथ अच्छत ) साल्याय पूज्यमअच्छताय आचरण इतिमंत्र ( अथ भोगमंत्र ) भाव्त विसदय आत्माय भक्ष्यह इतिभोग ( अथ ताम्बूलमंत्र ) तत्त्राय ताम्बूलं ब्रह्म अर्पण नमस्त्वते ॥

इति पूजरा ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

श्रीगणेशाय नमः ॥

ओं श्रीसालिग्रामायनमः । ओं श्रीगुरूभ्यायनमः । ओं श्रीहनूमानायनमः

ओं श्री सारस्वतायनमः ॥

# अथ सतसंगसागर प्रारम्भः ॥

दो० नाम गणपती गुरुचरण हनोमान मनरंग ।
सारस्वत बन्दनकरौं कहौं सागर सतसंग ॥
अहंब्रह्म उरध्यान धरि सतगुरु पद बलपाय ।
करौं प्रघट सतसंग जग बिश्वासं फलदाय २॥
सो० ज्ञानभक्ति परकाश प्रातकालकी समयसम ।
ऐसाहै सतसंग जानत निजप्रभु दासकोउ १॥

चौ० बन्दहुगणपतिनामत्रिकाला * बुद्धिहीनमोंहिजानिकृपाला॥
चितवोउकोर ओर मोरि ताता * मैं तव पुत्र ज्ञानकर नाता ॥
गणपति ज्ञान नात जो मानौं * आपनदास सत्तिनिज जानौं॥
तव मोहिं बुद्धि मिलै बरदाना * कहौं संतसं सागर परमाना ॥
आप गजबदन मूस सवारी * अपनैंभार अपनिसिरधारी॥
कुछु औकाति मूसकै नाहीं * जो तुमका धारै तन माहीं ॥
आपै आंगुश आपै हाथी * आपमहाउत दोसरु साथी ॥
अपनै आपै भार सँभारा * दीन्ह्यौं मूँसे सुजस अपारा ॥
मैं हौं मूस ज्ञान हैं गणपति * इतनीसालिकरामकेसमपति॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

दो॰ गणपति नाम समूहता पतिपाती है संदेश।
मूसदुआ निज दासहैं आई नामके देश ३॥

चौ॰। बन्दौं सालिकराम सनेही * जे कोउ बसे सघनके गेही॥
बन्दौं सालिक राम विदेही * जे मीरा के परम सनेही॥
रूप प्रघट उर सुन्दर स्यामा * भयो सांप के सालिक रामा॥
तिनके बलबिख कीन्ह्यों पाना * जहर हलाहल सुन्दर ज्ञाना॥
रूप नील मणि सदा अमोले * पूरन ब्रह्म जग्त दृग खोले॥
रहैं जौहरिन के नित संगा * रामरूप कोउ भक्त अभंगा॥
दास रामकर मिश्रित नामा * सालिक दास राम हैं रामा॥
सालिकराम नाम अभिनासी * दास राम दोउसंग विलासी॥

दो॰ सालिकराम कि मूरती नयनन करै बिहार।
यक तिलके उनमान तन देखै सब संसार॥
बन्दिनामनिजइस्टमम पतिब्रतात्रियहितजानि।
गणपतिसरिस प्रनामकरि सदाबुद्धिके दानि ५॥

चौ॰ पुनिबन्दौंफिरिगुरुकेचरना * मोहदरिद्रकस्ट सबहरना॥
जासु कृपा बुधि पावौं ज्ञाना * होउ दयाल गुरू भगवाना॥
आतम रूप चराचर व्यापे * कहि महिमा सब देवल थापे॥
अपनि आतमा गुरूजो करही * पूरन ब्रह्म अनँद मन भरही॥
और गुरू कहुँ नहिं संसारा * दीखलोक तिहुँ कीन विचारा॥
जबलगिमानैं न अपनिआत्मा * गुरुचहैकोउकरै लाखमहत्मा॥
जबलगि हिर्दयनहीं बिस्वासा * तबलगि तिहुँपुर परै उपासा॥
जल भे प्यास अन्न भे भूखा * लगे बसन्त झरे सब रूखा॥
रुपियापास दरिद्र न संका * यहिविधिआतमगुरूअसंका॥
गुरू वहै निज रूप लखावै * आतम चीन्हि जीव सुखपावै॥
तब गुरु चेला ते भे पारा * वोहु चहै मानैं चहै न गँवाँरा॥
चेला अस गुरुते कब पारा * आपनि प्रान मानि गुरुसारा॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

सब संसार हिर्दय गुरु थापै * करै प्रनाम मिलै सुख आपै॥

दो० गुरू ब्रह्मास्रस्टिहिरचैं गुरूबिस्नु करैंपाल।
गुरू रुद्र सिंघार करैं आपै काल कृपाल॥
अपनिआतमा गुरूहै सत्तिकहौं यहरीति।
लाखकोईकोटिनकहै जबलगिउरनप्रतीति॥
सर्बरूपमयगुरूलखि असचेलामनध्यान।
सकलपदारथ सिसिमिलैंजीवनमुक्की ज्ञान ८॥

चौ० असगुरुबन्दिअपरकरौंबंदन*जयहनुमानअंजनीनंदन॥
राम रसायेनि ध्यान अधारा * कवि कपि बन्दौं बारम्बारा॥
राम रंग तन अरुन विशालं * ज्ञान सरूप निशाचर कालं॥
भक्ति अनन्य अनामय ब्रह्मू * गेरहौं रुद्र रूप कपि सम्भू॥
राम काज कारण हित आतुर * बुद्धिप्रवीन सभाबिच चातुर॥
जहँ जस तहँ तस करैं सँभारा * रामकाजहितकछु न बिचारा॥
लंका सह्यो लात अरु घूँसा * फिरिवइमाख्यो निस्चरहूसा॥
निस्चर शक्ति लेन हित मूँसा * हनोमानसहि लातरु घूँसा॥
रावण ब्रह्मण संकर दासा * मारत दास सक्ति भै नासा॥
यह रावण नहिं जानैं गँवारा * गेरहौंरुद्र हनुमत अवतारा॥
हनोमान सिव शक्ति छोड़ाई * दीन्ह्यौं आय जीति रघुराई॥
जिमि कोउ संतक मारै लाता * ताहिसक्ति सबलेय बिधाता॥
कुछु दिन बादि बंस कै हानी * राम दास मारै सुति बानी॥
कोउ कुछु कहै सन्त गम खावै * छठे मास तेहि मूल बहावै॥
आपनि शक्ति नास जो चहै * सो वोहु चहै कुछु सन्तककहै॥
हनोमान अस दास राम के * जस मायाबस जीव दामके॥

दो० हनोमान पदबन्दिप्रभु जिमि मन जग्तपियार।
सालिकरामके हिर्दयअस हनुमत सदा बिहार॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

हनोमान के नाम का अर्थ कहौं समुझाय।
जो कोइ प्रभुकेदास जग सुनौं बचन चितलाय॥
अपनामान अहारकरि फिरि निस्चरनकेखाय।
रामकाजअतुलितकियो नहिंअभिमानसुभाय॥
महाबीर कबते भयो राम नाम लै भार।
कबिकपिनामधरायजग कियोजगतउपकार १२॥

चौ॰ तीनिनामहनुमतकहौंबंदन* अबसारस्वति करौं प्रबंधन॥
सारस्वति माता मम स्वामिनि * करौकृपा सुतसेवकजामिनि॥
पतनी ब्रह्म चतुर श्रुति गावै * सो ब्रह्मा ब्यापे लखि पावै॥
सोइ जो ब्रह्म सक्ति मम माहीं * तब मानस मुखपंकजआहीं॥
रसना बैठि कहौ पति लच्छन * तीनिलोकजो ब्रह्मबिलच्छन॥
गावत जाहि सेस श्रुति सम्भू * सनकादिकनारद अबलम्भू॥
ब्रह्मा विष्णु महेस अधारा * जो ब्यापे तिहुँ पुर संसारा॥
सकलसृस्टि जोइ सिरजनहारा * सबसंतन प्रभु परमअधारा॥
बालिमीक सुकदेव ब्यास मुनि * तुलसीसूरकबीर हिर्दयगुनि॥
कुम्भज कागभसुंड प्रान पति * तीनिलोक जानैं अंतरगति॥

दो॰ अधम उधारन दीनहित जो ब्यापे संसार।
दसऔतारजोधरेउसोइसरस्वतिपतीतुम्हार १३॥

चौ॰ गजद्रुपदीप्रहलादध्यानधरि*जैंकहुँहनाँआयतिनकेअरि॥
कपि सुग्रीव बिभीखन तारा * अधम जाति निस्चरसंसारा॥
सेवरी गीध कसाई गनिका * जिनके पेट समानेउँ बधिका॥
पीपा छीपा दास मलूका * जिनअपन्यायदीनजगटूका॥
धना जमन पारासर मीरा * सोना दासी दीन नजीरा॥
दस अवतार धरे जग माहीं * सो ब्यापे तीनिहुँ पुर माहीं॥
अस पति सारस्वती तुम्हारा*जिनजगमाअसअधमउधारा॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

जिन २ के मैं नाम गनाये * अधम जाति वेदनजसगाये॥
यहि कारण बन्दौं महतारी * पिताचरित कछु कहौंविचारी॥

दो० त्रिगुन रूप तुम जगतधरि माता नारी कन्य।
माता पैदा पाप त्रिय कन्या कल्यां न्धन्य॥
मातापारवतीरमात्रियसरस्वति कन्याजानि।
पैदा पालन मारन तुम्हरे कर जग रानि १५॥

चौ० तुमबिनजीभकढ़ैनहिंबानी * तुमचर अचर ब्रह्ममहरानी॥
राम चरित हित बन्दन करहूँ * बार बार शिशु चरनन परहूँ॥
रसना सुफल हेत जस गाऊँ * तुम्हरी कृपा सुजस जसपाऊँ॥
ममअति रचित विरति संसारा * तुम्हरी कृपा होउँ भव पारा॥
निरंकार तुम जोति भवानी * नहिंतवआदिमद्धिअवसानी॥
ज्ञान भक्ति सागर सुख देनी * ब्रह्मलोककी विमल नसेनी॥
बुद्धि सुधारौ सेवक जानी * देउ बिमल सुन्दर बर बानी॥
जोसुनि मनभव उतरै पारा * आदिमद्धिलखिबिमलबिचारा॥

छं० नहिंआदिमद्धिअवसानिबानिपुरानिब्यापीनिरंजनिं।
गुणअगुणजगसृजिपालिसालिमरालि मानसनंदनिं॥
गावत गनेस महेस सारद सेस मन जन रंजनं।
सनकादि नारद गुण बिसारद भक्ति तव दुख भंजनं॥
ब्रह्म त्रिय प्रिय पतिब्रता गुण सुजस तिहुँपुर छावनं।
ब्रह्म व्यापिक आतमाहं बाणि तव आनन्दनं॥
अस बन्दना सारस्वती करि दास सालिक रामनं।
सतसंग सागर चरित अब वरणौं जथा मति भावनं॥

दो० नामगणपती गुरु हिर्दय हनोमान मनसाथ।
सारस्वत मम वानि है करौ सो सत्ति सनाथ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

सो० कहौं सागर सतसंग ब्रह्म आतमा ध्यानधरि ।
सांतिरूपप्रभुअंग कामक्रोधमदमारिअरि १७॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेपंचदेवता प्रार्थनेवरणननामप्रथमोध्याय १ ॥

सुमति आगरी प्रश्न

चौ० एकसमयनिजसुमतिसुआगरि ❋ संतप्रियातिहुँलोकउजागरि ॥
महा कलेस भयो मन माहीं ❋ बिनानाम कतहूँ सुख नाहीं ॥
ममपति मिलै कहौ केहि देसा ❋ केहिते पूँछौं मिटै कलेसा ॥
येहि विधि सोच भयो मनमाहीं ❋ पतिकैमिलै न कहुँ परछाँहीं ॥
बिनुपति सकलभयो सुखछारा ❋ को तारै भवसिन्धु अपारा ॥
तबलगि एकसन्त मिलिगयऊ ❋ पूरबजन्म भाग खुलिगयऊ ॥
देखिसन्त चरनन लपट्यानी ❋ बोली प्रेम मनोहर बानी ॥
दीन बन्धु मम हरौ कलेसा ❋ सेवक जानि देउ उपदेसा ॥

दो० सुमति कुमति सब उररहै तेहिकर सुनौंबयान ।
अगुवाकारी तन जेहीं तेहि कर तस जगमान ॥
अगुवाकारी कुमति जहँ भई बिडम्बन जग्त ।
सुमती अगुवाकारि जहँ सोइ अगरी जससक्त ॥
लखै अगन्त सो आगरी नस्सु रूप संसार ।
जो पैदा तेहिकाल है लेउँ नाम जस सार २० ॥

चौ० आगरिसुमतीलखैअगन्ता ❋ कहौउपकारबचनकुछुसन्ता ॥
कहौसन्त निज नाम बखानी ❋ करौ हमार मोह भ्रम हानी ॥
विस्नुलाल तेहिनामसन्तकह ❋ जिनकहिभेदलोकतिहुँअंतयह ॥
रामनाम बिनु कहुँसुख नाहीं ❋ करौ बिचार प्रिया मन माहीं ॥
तवमति अगरी कहकरजोरी ❋ कसप्रियतुममोहिंकह्योबहोरी ॥
कौन नात मान्यों तुम साधू ❋ बोल्यो बचन दुस्टसम ब्याधू ॥
येहिकर भेद कहो समुझाई ❋ दुचित हिर्दय मम देउ मिटाई ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

कहासन्त सुनु सुमतिसुआगरि * सुमतिजगतमाजेहिकैंजागरि ॥
सो हमारि त्रिय वेद बखाना * जहांसुमतितहँसम्पतिज्ञाना ॥
लेहुवचन मम हिर्दय बिचारी * अगरी सुमतिजगत ते न्यारी ॥
चारि वेद खट सहस बखानैं * कोउकोउ सन्त भेद यह जानैं॥
विस्नुलाल जे विस्सुके लालन * अगरीगोपि संग नँदलालन॥

दो० वृन्द नाम सामूहता बन बाना भगवान।
अगरीगोपीसुमतिउर रचैं रहस नितकान॥
चारहुजुग तिहुँकालमा सुमति आगरीहोय।
सो हमारि त्रिय सत्ति उर मनपति सेवैसोय॥
जोतुमहींपतिसुमतिके विस्नुलालसुनौसन्त।
तौ हमारिभ्रमनासिये कहिकुछुजसभगवन्त॥
तुम्हरेभ्रमनहिंकुछुहिर्दय सुमिरौआत्माराम।
यहुपतिममतवजग्तकर सति रसालिकराम२४॥

चौ० तवसुमतीअगरीकहबानी * कहिकुछुवचनकरौभ्रमहानी॥
जो तुमहीं पति अहहु हमारे * तीनि लोक दाता करतारे॥
अगरी सुमति गयौ पतिखोई * काम क्रोध मद लोभ विगोई॥
रहिगै सुमति आगे जस नासे * आगरिगै भ्रम मोह प्रकासे॥
सुमति हिर्दय जब राम बिलासैं * वह आगरिमति वेद प्रकासैं॥
अबहमसुमति भईनजगअगरी*पायसन्तपतिसुखनिजझगरी॥
पारवतीजस सिव पति पायौ*अपनिसकलभ्रमहिर्दयमिटायौ॥
पूछ्यौ राम चरित सुखसागर * तस हमारिभ्रम हरौ उजागर॥
रामचरित कुछु भाखौ स्वामी * तीनिलोक उर अंतर जामी॥
मोह निसाते लेहु जगाई * देउ विलास बानि सुखदाई॥
राखौ पास परस सुख सागर * देउ सुजससुत परमउजागर॥
रामचरित मन कहौ अभंगा * सुन्दर नाम प्रेम सतसंगा॥
जस महिमा गावैं श्रुति चारी *निरगुनसरगुनविमलाविचारी॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

उतपति परलय कहौ कहानी * चारौजुग सुन्दर बर बानी ॥
बिद्या भक्ति ज्ञानकी बातैं * रहस विलास प्रेमकी घातैं ॥
ब्रह्मा विस्नु महेस पसारा * इनके केहिविधि भयेऔतारा ॥
सतीरमा सारद कसआई * निज २ पति पायौ सुखदाई ॥
सनक सनन्द वसिस्ट कुमारा * नारद के केहि विधि औतारा ॥
आदि जोतिका कीन्ह्यौं लीला * सकल कहौ स्वामीसुखसीला ॥
नारद श्राप दीन गुरु भारी * केहिविधि भयो श्राप निरधारी ॥

दो० सनकसनन्दन मंत्रकस लीन्ह्यो संकरजाय।
दोवादस अच्छर मंत्रलै परमहंस बर पाय ॥
विस्नुमंत्रकेहिविधिलियो निजसंकरते जाय।
संकरलीन्ह्यों मंत्रहरि कहौ बचन समुझाय २६ ॥

चौ०रामनामजसप्रघटकृपाला * सकल कहौ प्रभुदीनदयाला ॥
जेहिविधि ब्रह्म सृस्टि प्रघटाई * सकल कहौ स्वामी मनलाई ॥
कच्छ कथा प्रभु कहौ बखानी * रतन निकारि बाँटिसुखखानी ॥
जेहिविधि मच्छ भयो औतारा * वेद छोड़ाय संखसुर मारा ॥
होय बराह धरनी लै आये * हिरन्न्याच्छ निजधाम पठाये ॥
हरनाकुस मार्यो दुखदाई * जिनप्रहलादकिबन्धिछोड़ाई ॥
होय बावँन नाप्यो तिहुँलोका * बलिवसहोइगे नाथअसोका ॥
परसरामकी कथा बखानी * सहसबाहु भुजकीन्ह्यों हानी ॥
रामरूप होय रावन मारा * दासनतिलक असुर सिंघारा ॥
भयो क्रेस्न बलदेव सुखारी * गोपिन संग केलि विस्थारी ॥
भयो बोध फिरि जाय गुसांई * त्रिपुरासुर मार्यो दुखदाई ॥
अब जस होंय कलंकी आगे * हनैं मलिच्छी रूप अभागे ॥
इतिममप्रस्न सकलसुखखानी * आगरिसुमतिविमलममबानी ॥
कहौ रामके चरित सुहाये * चारिहु वेद सन्त जेहिगाये ॥
बिस्नुलाल बोले तब बानी * आगरिसुमतिधन्निसुखखानी ॥



CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

धन्नि २ तुम्हरी बुधि अगरी * पकस्योप्रस्नहरिलकी लकरी॥
दो० मतिआगरि अबसुनहुजस रामनामके गूढ।
जोसुनिहैं अरु बाँचिहैं मतिसुधरै मन मूढ॥
आगरिसुमतिपुनीतजस सुनिआगरिमतिहोय।
प्रथम सम्भुकीबन्दना कहौंकपट उरखोय २८॥
इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्दे ब्रह्मचरितेमतिआगरि
प्रस्नसमाप्तनामदुइतीयोअध्याय २॥
कलमतीनिविभाग॥
चौ० अबबन्दौं संकर बृखकेतू * कीन चहौं भव सागर सेतू॥
राम नाम जेहि परम अधारा * ज्ञान अखंड भक्ति श्रुतिसारा॥
जेहिबल मुक्तिदेउ मधिकासी * सोइवर रामनाम अभिनासी॥
देउ मोहिं सोइनाम अभंगा * जेहिबल कहौं ग्रन्थ सतसंगा॥
मैं अनाथ यक दास तुम्हारा * पावहुँ बाणि भीख दरबारा॥
तुम्हरी कृपा तरे बहु पापी * निस्चर अधम देव परतापी॥
मैं तुम्हार अनुचर सुरखम्भू * देवभक्ति आपनि उर सम्भू॥
संकर महा दानि अनुमानी * सुफल करौ जग जाचकबानी॥
दीनबानि सुनि भयो दयाला * दैं संकर यक कलम कृपाला॥
ममलै कलमसही कस्योपाई * विस्नुपास अब मांगौ जाई॥
पायकलम सुख उरन समाई * चल्यौं विस्नुपुरसिवसिरनाई॥
दो० गयों विस्नुपुर जबहिंउर बैठि जहाँ जगनाथ।
मैं गरीब तहँ पहुँचिकै चरनन नायों माथ॥
लाग्यों अस्तुतिकरनमैं जग्तहेत होय दीन।
प्रेम ज्ञान निज भक्तिलै कीरति सदाँनवीन २९॥
चौ० जै२बिस्सुविस्नुसुखसागर * माया रूप छिपे नटनागर॥
लीला अगम जानिनाहिं परही * नटकृतकपटजाल जगकरही॥
है कछु और और ही भासै * बिस्सु नहीं यह ब्रह्म प्रकासै॥
CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

बिस्नु रूप सब है संसारा * पालन तीनिलोक उपकारा ॥
मानस देहँ बिस्नु कर रूपा * लछिमीपति तीनहुँपुर भूपा ॥
जैति बिस्नु माया तव भारी * सबचर अचरमोहि नरनारी ॥
जेहिपर दया न होइ तुम्हारी * सो कस देखै प्रघट मुरारी ॥
मैं अनाथ तव दास भिखारी * कहँलगिअस्तुतिकरौंतुम्हारी॥
सुनि अस्तुतिभै बिस्नु दयाला * दीन्ह्योंआपनि कलमकृपाला॥
भस्यो अंक यहिभे सुचिसुन्दर *अबजावोब्रह्मपासअभिअंतर॥

दो० बिस्नु चरन सिरनायकै गयों ब्रह्मके धाम।
जहांसृस्टिबिधिरचतहैं पहुँच्योसालिकराम ३०॥

चौ०हिर्दयसृस्टिब्रह्मारचैं रचना*सालिकराम धस्योसिरचरना॥
लखचौरासी जुइनि जहाना *सकलहिर्दयनिजब्रह्मसमाना॥
जै २ ब्रह्म सकल उर बासी * घट २ सृष्टिरचैं अभिनासी ॥
तिलमा तेल दूध घृतजानी * बंसपती मा सहत प्रमानी ॥
फूल बासना तूलै धागा * येहि बिधि ब्रह्महिर्दै अनुरागा॥
गँगँन समान देहँ नहिं ताही * ममहितसगुणमेघ जगमाही ॥
कीन चहौं तुम्हरो गुन गाना * सतसंगति सागर परमाना ॥
करौ सहाँय ब्रह्मउर बासी * सतसंसागर रचौं बिलासी ॥

दो० रुद्रदया जेहिबिधि कियो बिस्नु कीनउपकार।
अपनी अपनी कलमदै तुमहूँ करौ सँभार ३१॥

छं० तुमहूँ करहु सँभार भार अपारमम सिरदारुनं।
सतसंगसागर गुण उजागर कहत मतिसकुचावनं॥
जैब्रह्मव्यापक शरणजाँचक सुफलकरुममवाणिनं।
ममकलमल्योहोयप्रगटब्रह्मकरयोधामघरआनंदनं॥
अंकधरलै धाम सुन्दर बिस्नु अच्छर भारनं।
लैरुद्रलेखणिपाइकरि धन पायसालिकरामनं १॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

सो॰ तीनि कलमलै हाथ ब्रह्म चरन सिर नायकर ।
तीनोंदेव भै साथ तब निज भवनै चरन धर२॥

चौ॰आयउँधामकलमलैतीनी * तीनौं गुनलायों जग बीनी ॥
रजगुनकलमलकीरै करिहौं*सतगुणपालिविस्नुअंकभरिहौं॥
तमगुण सम्भु सही सिंघारा * करि पाई घर दीपक बारा ॥
माया कागद निज स्रुतिसारा * स्याही समता नाम विचारा ॥
ईगुरु गुरु मन भट हनुमाना * लै हटतार हटकि मद माना ॥
निन्द्याअस्तुति समै दुआइति * सत्ति वचन सुन्दरलै साइति ॥
दिन दीनता सो तिथी अतीता * समसम्बतलिखौंग्रन्थप्रतीता ॥
मान रहित बर मास पुनीता * सतसंसागर प्रारम् मीता ॥
सालिकराम दास लिखवइया * हनोमान मन हैं बतवइया ॥

दो॰ भवन भाव सुन्दर रचित लागेयौ प्रेमकेवार ॥
सारद हिर्दय विचारकरै लिखौंग्रंथ स्रुतिसार ३२॥
मति आगरिके कारने बिस्नुलाल स्रमकीन ॥
मति आगरि का हेतभा जग्त कामसब कीन ३३॥

चौ॰ बन्दौं ब्रह्मण ब्रह्मसरूपा * बरण अठारहके जोइ भूपा ॥
बन्दौं संतसमान जाहि चित *सान्तिअकारसदामनपरहित॥
बन्दौं सतगुरु निज उपदेसा * परस्वारथमनजिमिजगसेसा॥
बन्दौं जीव सकल चौरासी * राम नात मानौं अबिनासी ॥
बन्दौं गंगा धार त्रिबेनी * भक्ति बाणिक्रम समसुखदेनी॥
बन्दौं कासी अवध प्रयागा * विस्सुनाथ औ राम नुरागा ॥
बन्दौं गोकुल औ वृन्दाबन * जहँ श्रीकृस्नकेलिकीन्हौंमन॥
बन्दौं जगन्नाथ बलिभद्दर * तीनहुँ मूर्त्ति सहोद्रा वद्दर ॥
बन्दौं रामेसुर सुखदाई * सब चर अचर रमेसुरभाई ॥
बन्दि दोवरिका औ रनछोरा * निजआतमकहुँओर न छोरा॥
बन्दौं बद्रीनाथ केतारा * तप मूरति व्यापी संसारा ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

दो० कच्छमच्छ बाराहपद नरसिंघ बावनरूप।
परसराम औरामक्रेस्न बोध कलङ्की भूप॥
कल्कीकरि सिंघारकरि भयो सुन्नि संसार।
आप जोतिकेहिर्दयमा लागेयौंकरनबिहार३५॥

चौ० रही जोति दासी दोउमूरति * विद्याभक्ति एक रंग सूरति॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरिते कलम
तीनिविभागशुभलग्न ततनामनक्षत्र बन्दनाब्रह्म
समूहताप्रलयदेसनामत्रितीयोध्यायः॥ ३॥

जोतिकथा

चौ० भक्ती सोयगई तेहिबारा * दस हज़ार बरसै संसारा॥
विद्या दासी करै बयारी * तब उठिबैठि जोति विकरारी॥
बरसै दस हजार माजागी * आपन रूप भूलि अनुरागी॥
जैसे मति आगरि तुमचेती * पाससदा पति नहिं मति नेती॥
तैसे भक्ति जोति गै भूली * पायो पती कमोदनि फूली॥
बिनपति को दुखहरिहै तोरी * अगरी सुमति भक्तिसुनुमोरी॥
तीनिलोक तक नयन उघारी * देखेउ नहिं आपन पतिनारी॥
भई विकल अभिअंतर सोची * सोय गये मति होइगै पोची॥
यह विचार सोचै मनमाहीं * पति विहीन मम जीवननाहीं॥
पति विहीन जगसुख सब ऐसे * बिनुपति वारि मीन जियकैसे॥
हे विधि मोहिं दीन दुखभारी * पतिविहीन उरलागि दँवारी॥

दो० कहुकलेस यह केहिकहौं कोऊसुननिनाहिंहार।
कहनेजोगिनबातयह मनमासोचुबिचार ३६॥

चौ०बिनुपतिसृस्टिचलैकसमोरी* हे विधि देउँकौन पर खोरी॥
पराजोति पर अस दुख भारी * जिमि ईश्वर ढूंढ़ै संसारी॥
ईस्वर हिर्दय मिलै कहँ आना * कस्तूरी बिन मृगा भुलाना॥
ईस्वर आप अंत मिलै नहीं * लागेउ भानुजाइउरमाहीं॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

चन्दै उस्न सतावन लागी * येहिविधिबिलखैजोतिअभागी॥
सोये बुद्धि भ्रस्टि भै ऐसी * मोह निसा भै यहि जगजैसी॥
जोति न पतिजगमानहिंरामा * जब मिलिहैं तबउरसुखधामा॥
विलखैजोति त्रास दिनराती * हिर्दयभुलानि ज्ञानबुझिबाती॥
रोय रोय असकहैं भवानी * बृथाजग्त मैं जिअतअज्ञानी॥
मिलै कहां पति कहँ मैं जाऊँ * रचौं सृस्टि जगतबसुखपाऊँ॥
महाविपति नहिं जाय बखानी * यकपलकोटिनजुगसमजानी॥
इतना दुख आनत उरमाहीं * मनबुद्धिहिर्दयमांझउठिजाहीं॥
देखि कलेस बुद्धि मनभागे * कहांपरेनयहि हिर्दयअभागे॥
ज्ञान ध्यान धीरज ध्रमजाहीं * रामविहीनन उरकबों रहहीं॥
प्रघट न कहै जोति दुख भारी * निजपतिसोच सरम उरनारी॥

दो० देखारूप मलीन जब निजमालिक उरखेद।
तबदासी बोलतभई जिमि समुझावैं वेद३७॥

छं० कसमातु मनमुरझानअपनेहालप्रगटबखानहूँ।
तुमअलखजोतिअखण्डमण्डलदुखनसपनेउजानहूँ॥
तुमभक्तिरूपभवानि अस्त्रमचारि परेतवरूपही।
तुम्हरेदरसकटैंकोटिपातकतुमसोकसभ्रमकूपही॥
तुमहौअनन्यअनामिनिरंजनिलोकत्रैतवहिदैंभरे।
असकहत सालिकरामदासी तुम्हरेउरदुखकसपरे२॥

सो० तबबोली असजोति सुनुदासी जो दुखहिये।
बिनपानी जग मोति कावहिपापी जगजिये॥
कोउनहिं बांटैकलेस वृथाकहे जगभांड़ि है।
चहैंजावदेसप्रदेसमिलिवहैलिखाविधिडांड़िहै४॥

दो० सुने जोतिके वचन अस दासी दीन जवाब।
निरंकारका सोचक्या है यह बात खराब॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

चौ० तबहिंजोतिबोलीमुसक्याई * निरंकार को कहौ बुझाई ॥
पुनि दासी फिरि कीन बयाना * तुमहीं निरंकार परमाना ॥
हुकुम होयतो कथा पुरानी *कुछुकहौंप्रघटसोसुनोभवानी॥
मैंकहि कथा हरौं दुखभारी * तुम बिसवाँस धरो अवतारी ॥
बिनबिसवाँस सकल जगमाहीं * कबहूँ सुखसिधिसपनेउँनाहीं॥
बिन बिसवांसी सदा दुखारी * जिमिरमसर खलजमैंउखारी॥
धरो जोति जो तुम बिसवाँसा * यकपल करौंदण्ड सबनासा ॥
कहौं कथा निज प्रघट बखानी * तुमहीं ब्रह्म ब्रह्म महँरानी ॥
तुरत करौ कुछु बेगि उपाई * जेहि बल मूल कलेस नसाई ॥
बिपति तुम्हें हमरे दुख भारी * कलपवृच्छ तुमसबसुखकारी॥

दो० भान ठंढ कहँ उस्न है चन्द उस्न कहँ सीत।
रूपसँभारो आपदोउ फोउ न हरण भवभीत॥
तैसे भूली जोति तुम करो निज रूप सँभार।
अबहीं नासौं दंड सब होउ बेगि भव पार॥
सुनिदासी के बचन अस हिदैं बैठि बिस्वास।
जानौं येहि के बचनते होय कलेस बिनाँस ४१॥

चौ०सुनौंबेवस्थाअबयहमोरी * कुछु भाखौ पुनि जतनबहोरी॥
निज पति शोच बसै दिनराती*पियामिलनकहुजेहितेहिभाँती॥
निजपतिखोजकहो केहि देसा * जो पूँछेउ तौ हरौ कलेसा ॥
पावों पति चलै स्रस्टि हमारी * इति मम दंड हिर्दय भै भारी ॥
पुनि दासी बोली कर जोरी * सुनितवहित कुछु कथा बहोरी॥
कहौं प्रेम रस बात पुरानी * सुनु तिहुँलोकजग्त महँरानी ॥
पूरब जन्म कथा सुनु रानी * निरंकार जस जोति भवानी ॥
पूरब जन्म एक जुग लागा * नामताहिकलि परमअभागा ॥
नर औ नारि पाप के रासी * हिर्दयहेरायगयो अभिनासी ॥
काम क्रोध मद मोह अपारा * ई निस्चर व्यापे संसारा ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

घर घर पाप कथा धुनिलागी * निसदिन लोभप्रेम अनुरागी॥
संसै ध्यान करैं दिन राती * जेहिबिधितुमपतिबिनबिलखाती॥

दो० सुनु अगरी मति कलिधरम महापापके घोर।
मोहनिसा तहँअगमहै काम क्रोध मद चोर४२॥

चौ० गुरुश्रुतिसाधुबचननहिंमानैं * निजत्रियबचनकरैंपरमानैं॥
इरखा पुरखा छल दिन राती * चलैं अधर्मज्ञान बुझिबाती॥
पेट सोच सोचै चौरासी * निसदिन चढ़ी कालके फाँसी॥
बरनचारिनिजनिज मरजादा * तजि२ सहैंनितविषयबिखादा॥
भा पसु सकल भिस्ट संसारा * राजनेति नहिं धर्म विचारा॥
ज्ञान बिहीन भक्ति नहिं सपने * जांयदेवसनिसिकारजअपने॥
मायाके नर नारि सयाने * रामरूपहित सकल अजाने॥
करैं श्रुतिनका खल नरतरका * जियतै दंड परे खल नरका॥

दो० बेद धर्म मरजादगय उठा सन्त दुजमान।
मातपिता मानैं नहीं करैं क्रोधबस दान॥
महाँपाप जग देखिकै कल्की आयो राम।
सुन्निभयो संसार सब कीन बिखम संग्राम॥
महाँ मलिच्छी तुर्कहनि पापकीन सिंघार।
महाँप्रलयजगमाभईभयोब्रह्मअवतार४५॥

चौ० फिरिमेघनदैहुकुमकृपाला * करौबृस्टि सब जग्तबेहाला॥
चढ़े मेघ जग घोर घमंडा * करिकर सुन्ड धार ब्रहमंडा॥
सब परलय होइगै संसारी * आप अक्षयबटरहेयोखरारी॥
गा कल्की उर सब संसारा * तुम्हरे हिर्दय ब्रह्म पगधारा॥
कल्कीउर सब जग्त समायन * तुम्हरे उर कल्की नारायन॥
लै तिहुँलोक सकल उरमाहीं * सोइगइउ तन मन सुधिनाहीं॥
जैसे कोउ मरिजन्मैं आई * ताहि खबरि पुरबाँत भुलाई॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

सोना मरना एक समाना * गयो भुलाय जन्म परमाना ॥
तैसे तुम सोइउ महँरानी * पूरब जन्मके खबरि भुलानी ॥
तीनिलोक अपने उर जाना * मम सुनि कथा करौ परमाना ॥
पूरब जन्म कथा मैं गाई * अपर उपाय कहौं समुझाई ॥
तुममा है तुम्हार पति रानी * करिनिजज्ञान लखौमहँरानी ॥
जिमि कस्तूरी मृगके माहीं * नहिंपायो बनबन बिलखाहीं ॥
मृतिका के त्रेइ पिंड बनाई * ब्रह्म विस्नु सिव नाम धराई ॥
करौ प्रघट निजकर्म भवानी * वइतुम्हारिपतिश्रुतिममबानी॥
वइपति वइसुत सुनौं बिचारा * जैसे बीज वृच्छ अवतारा ॥
पैदा बीज बृच्छका करहीं * बृच्छ बीजलै फलअवतरही ॥
पढ़ि निजसोहं मंत्र भवानी * होय पिंड सरजीव सयानी ॥
पिंड प्रघट करि मन सुखलेहू * आसिरबाद हमैं तुम देहू ॥

दो० सुनिदासीके बचन अस जोतिभई आनन्द ।
मनहुँरंकपारसमिलेउ कटेउ भरमकेफन्द ॥
पिंडबनायो तीनितब ब्रह्मा बिस्नु महेस ।
लैजलसोहंमंत्रपढ़िसुमिरेयोज्ञानगनेस ४७ ॥

चौ० मारेयौब्रह्मपिंडजलजबहीं * भयउप्रघट ब्रह्मा तेहि तबहीं॥
दोउ करजोरिकहेयौ बिधिबाता *केहिहितप्रघटकीनमोहिंमाता॥
अरसपरसहित तय अवतारा * चलै स्रस्टि उपजै संसारा ॥
तब बिधि जोरि कहा करतारी * मैं नहिं अर्स पर्स महँतारी ॥
यतरा सुनत जोति मन माखा *क्रोधअगिनिकरिब्रह्माहिखाखा॥
दूसर पिंड फोरि वहि तारी * दोउकरजोरि ठाढ़ि त्रिपुरारी ॥
केहि हित प्रघट देउ उपदेसू * मम पति होउ तौ कटैं कलेसू ॥
जोति वतायो सिव नहिं माना * कीन महेसउ खाखअजाना ॥
पुनि करिसोच दोऊकरजोरेसि * तीसरपिंड बिस्नुकर फोरेसि ॥
बिस्नु प्रघट होइ दोउकरजोरी * केहिहितप्रघटसो कहौबहोरी ॥

दो० जगत हेत मैं प्रघट करि सुनौं बिस्नुममकर्म ।



CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

असकुछ हिर्दयबिचारिये चलैं जग्तकेधर्म ४८॥

चौ०कहाजोतिममपतिकरुनाता*येहिहितप्रघटकाजइतिताता॥
सृस्टि हेत मैं पैदा कीना * त्रियादासिबचन अस दीना॥
सुनि अस जननीबचनकराला *पुनिफिरिबोलेउविस्नुकृपाला॥
जो जननी यह जतन बिचारी * बिद्यादासि तुम्हैं उपचारी॥
सोयहसुलभसकलसुखदायक *मुलुमैंकहौंमतिसरिससुहायक॥
दोउ ममबन्धु जिआवउआछे * तब तुम्हारिकारज होइँ पाछे॥
तुमहूँ धरौ तीनि तन माता * तब कुछु आगेबचनबिधाता॥
सुनि सुतबचन जिआयउ दोऊ * विस्नुचरनआयपरेभटदोऊ॥
जेठ बिस्नु जानि दोउ भाई *बिस्नुलीनदोउहिर्दयलगाई॥
ब्रह्म महेस प्रथम अवतारा * बिस्नु मानै यह नातअपारा॥
ब्रह्म महेस गुरू करि जाना * दूसर जन्म नात असमाना॥

दो० प्रथम पिंडफोरेजोई बिस्नुमानि गुरुनात।
दुसरे पैदाभयोबिधि बिस्नुदेखितिवतात ४९॥

चौ० उइउनके उइ उनके गुरू *तीनौ मूर्ति ध्यान असउरू॥
तीनौं जने परस्पर मिलेऊ *आगिलचरितभयोतससुनेऊ॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरिते जोति
दुखेदासीप्रचारेकलउचरितेजोतिआनन्देपतिलाभे
मनआनन्दनामचतुर्थोध्यायः ४॥

गात्रीकथा॥

चौ० ब्रह्मैदीख जोति,महतारी * तब निजअंतर बचनबिचारी॥
सिद्धिरूप मम है महतारी * अब ई असुध होइँ त्रैनारी॥
इनके नाम मंत्र लिखिलेहौं * सो गात्री ब्रह्मै कुल देहौं॥
आदि जोति गात्री अवतारा * तेहिकर अर्थ करौं बिस्थारा॥
गात्री नाम प्रथम ओंकारा * भूर भूर भुँइँ सरिस अपारा॥
स्वह स्वोहा पैदा लैकारी * तत नम्र पाँचौ तत्त बिचारी॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

सबितुर सत्तितुरी जिउ रूपा ❋ नाम बरणनं बरण अनूपा ॥
भरगो नाम इन्द्रियन केरा ❋ देवस्से नम्र देवन केरा ॥
धीमहि नाम ध्यान है भाई ❋ चौरासी भरि ब्रह्म समाई ॥
जोना जुइनि लाख चौरासी ❋ प्रचोदयत्तु दया अबिनासी ॥

दो॰ निजमाताकी अङ्क के अच्छरदिब्बि निकारि।
ताके चौबिस अङ्ककरि ब्रह्मकुलै निरधारि ५० ॥

चौ॰ येहिबिधिअच्छरचौबिसजानी ❋ गात्त्री ब्रह्मरूप महँरानी॥
प्रात ध्यान बालक कर रूपा ❋ मद्धि जवान पाल जगभूपा ॥
ब्रिर्ध अवस्था सायङ्काला ❋येहिबिधिकरित्रिकालकटैंजाला॥
जनौंजानि निज जान उपासं ❋ ब्रह्मा बिस्नु महेस सुपासं ॥
ई तीनौं लर जग्योपवीता ❋ ग्रन्थि जोति परवर परमीता ॥
मम सुत ब्रह्मण असअवतारा ❋ तेहिकुल गात्त्री देहौं बिचारा॥
तेहि ब्रह्मण मँहिते नहि भेदा ❋ सनकादिक सम चारौं वेदा ॥
ब्रह्मण ब्रह्म रूप अवतारा ❋ सदाँ अकाम जग्तहितकारा ॥

दो॰ तिनिहींपन संसारके चौरासी भरजान।
बालअवस्थाजुआब्रध असगात्त्रीपाढ़िध्यान ॥
येहिबिधि गात्त्री ब्रह्मलै उरअनंद अनुराग।
लागेयौअस्तुतिकरनबिधिभक्तिसोजोतिबिराग ५२

छं॰ भक्तिसक्तिचंडनिंअखंडब्रह्ममंडनिं बिरागजोगसंप्रदाअने कदैत्तिभच्छनं। तोयंमातुलच्छभच्छकच्छसेससर्वभार भगवती भगानिमानिविलच्छनीनपच्छनं ॥ सर्वरूपभामिनिंअनेककाम कामिनिं सरूपभाँणमंडनंमुखारबिन्दक्रान्तिनं । प्रवेसदेसदेसनिं अनेकभेसभेसनिं कलेसकर्मकाटनंसोदासनासिभ्रान्तिनं ॥ ब्रह्म बिस्नुअरुमहेससिद्धिसकलअरुगनेस गंगनिंअभंगनिं समान सर्वभावनं । ओंसालिग्रामसकलकामगात्त्रिसुपात्त्रित्रिकालअ हमब्रह्मआदिमद्धिअंतएकरूपआवनं ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

दो॰ निरंकार गात्री की ब्रह्मै अस्तुति कीन।
तेहिछिनजग्तके हेतलगि जोतितीनतनलीन॥
सती सारदा रमातन ब्रह्मा बिस्नु महेस।
तबहिं बिस्नु बोलतभयो दीन त्रियन उपदेस॥
लच्छनलछिमीसतीसति सरस्वतिसूरतिवेद।
ब्रह्माविस्नुमहेसगुन रजतमसतसोनरेस ५५॥

चौ॰ सारदब्रह्मसतीसिवपावा ※ बिस्नुलाच्छिमी छीर पठावा॥
सती दच्छ घर सम्भु पठावा ※ निजनिजभवनगईंमनभावा॥
बिस्नु कीन बैकुंठ निवासा ※ जाय बसे संकर कैलासा॥
प्रथम कर्म ब्रह्मा संसारा ※ आतम पूजि बाल अवतारा॥
दुसरे तम गुण संकर जानी ※ भ्रम सिंघार प्रबलतनध्यानी॥
तिसरे बिस्नु दया पालन करि ※ वृद्ध अवस्था मान मोह हरि॥
ई पिंडी तीनौं गुण केरी ※ मन माटी सरजीउँ बनेरी॥
भक्ति जोति कीन्ह्यौं उपकारा ※ तबते करम चले संसारा॥
ब्रह्मण पूजा ब्रह्मा पिंडी ※ पूजा लिंग सो सिव ब्रहमंडी॥
पूजा विस्नु दया संसारा ※ इति पिंडी करमन अवतारा॥
बिना भक्ति को कर्म जगावै ※ बिन बिद्याको भक्ति उठावै॥

दो॰ भक्तिजोति गुनिके कथा ताके अर्थ सो एह।
सालिकरामअनंदमनसुनिजनकरैंसनेह ५६॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेगात्रीअर्थे
कर्मबिभागेभक्तिप्रतापेकर्मअर्थेनामपंचमोध्याय ५॥

बिध्वादासीप्रश्न॥

चौ॰ तबदासी बोली करजोरी ※ मातु सुनौं बिनती कछु मोरी॥
तुमनिज निजपति पायो नारी ※ ममपतिकहाँसोकहौबिचारी॥
सुनि दासीके बचन भवानी ※ तब सारद बोली अस बानी॥
तुम्हरेव पति ब्रह्मै जगजाना ※ अपरनतिहुँपुरपतिकहुँआना॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

मैं श्रुति भीतर बाहेर नाहीं * तुम विद्या बाहेर प्रघटाहीं ॥
हम रानी तुम सदा नृित्तकी * तव पति बहु हम एकबृत्तकी ॥
मम पति तव पति एकै रूपा * ब्यापेउ ब्रह्म चराचर भूपा ॥
ब्रह्मलोक ब्रह्मा तब गयऊ * नारिनसहितअनँदमनभयऊ॥
अर्स पर्स दोउ नारिन कीन्हा * गर्भदान सुन्दर बिधि दीन्हा ॥
जिमि त्रेइगुन देवलकोउथापै * हाथ जोरि माँगै कुछु आपै ॥
तब तेहिते देवल कहैं बानी * तम भक्ती माता मम जानी ॥
हमतुम्हारिसुत कसकरिकामा * जो पति होय कामकरि बामा ॥
येहिबिधिजोतिहिस्टिजबकीना * तबहि बिस्नुयहमारग दीना ॥
देवल ते भक्ती लै कामा * तबते कर्म भृस्ट जग सामा ॥
भक्ति अकाम जोतिअवतारा * वहि भे तीनिलोक उपकारा ॥
आसा भक्ति तीनि भईं नारी * रजतमसतपतिकीअधिकारी॥
यहै भोग ब्रह्मै जब कीना * अपने हिर्दय पाप का चीना ॥
चढ़े ब्रह्म सिर पातक भारी * दासी भोग भोग महतारी ॥
बिद्या परस अंक उर धरही * आरस परस कामकुछु करही ॥
सारद जोति रूप अवतारा * तेहि भे भयो सकल संसारा ॥

दो॰ लखचौरासी जुइनि जो सकलब्रह्ममय जानि।
चौरासीपरेदेंहनर सत्ति सत्ति मतमानि ५७॥

चौ॰ बिस्नुदेस संसारबसावा * संत देस संकर प्रघटावा ॥
पैदा बिस्नु बिस्नु संसारा * संकर संत कीन अवतारा ॥
अपरजुइनि जो लखचौरासी * सारदब्रह्म प्रघटिअभिनासी॥
पातक देहजानि बिधिजबहीं * तनुतजिगयोबिस्नुउरतबहीं ॥
ब्रह्मलोक रहि सारद दासी * हिर्दयअनन्दसोगर्भबिलासी॥
कछुक दिवस बीते ब्रह्मलोका * हिर्दयअनन्दगयो सब सोका॥
सारद पंच पुत्र अवतारा * यक दासी के भयो अधारा ॥
सनक सनन्दन सनतकुमारा * अपर बसिस्टभयो अवतारा ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

भयो प्रघट दासी के नारद * जिन सब धर्म कीनजगगारद॥
सनक सनन्दन सनत कुमारा * चारि बेद जान्यौं अवतारा॥
नारद नाद बसिस्ट बासना * उपरहिती के कर्म आसना॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेब्रह्मदेंह तजेपातकहेतेसनकादिबेदजन्मेनारदनादेवसिस्ट उपरहितेकर्मनामखस्टमोध्यायः ६ ॥

नारद गुरूकथा ॥

चौ० बीनलियेनारदअवतारा * गयोबिस्नु पहँ पगसिरधारा॥
नारद देखि बिस्नु मुख फेरा * गुरु बिहीन उरपाप घनेरा॥
तब नारद कह गुरु कहँ पाऊँ * कहौ देस केहि कहँ मैं जाऊँ॥
पुनि फिरि बिस्नु कहा अनुरागे * जाउ चले कोउ पायौ आगे॥
दो० नारद आतम गुरूकरि सो ब्यापी संसार।
सोआतमतवहिर्दयमामानिवचनानिरधार ५८॥
चौ०जोपहिलेकोउमिलैसुजाना* कीन्ह्यौंगुरुममबचनप्रमाना॥
बिस्नु बचन सुनि नारद उठेऊ * चले जात यकसरितटगयऊ॥
यक निखाद तहँ जार लगाये * नारद देखि चरण सिरनाये॥
कह निखाद तुम को कहँ जाहू * तव उर जरै सोचकै दाहू॥
तब नारद अस बचन बखाना *हमगुरुबिनजगफिरतअज्ञाना॥
कहाँ मंत्रलेहौ कहौ बिचारी * पुनि नारद बोले सिरधारी॥
तुम ताजि गुरूआन कहँ जाऊँ * देवमंत्र मोहिं सिस्सि बनाऊँ॥
तब निखाद कह मैं बड़ पापी * तुम गुरु करौ कोऊ बड़ जापी॥
दो० हमपापी चण्डाल हैं जीवै सदा अहार।
भच्छअभच्छबिचारनहिं केहिबिधिधौंभवपार॥
जाति हमारि निखादकै महाँ नीचते नीच।
सब जाती जगबारिहैं हैहमारि जगकीच ६०॥
चौ०हमअसअधमनकोउसंसारा*अधरमज्ञानरहितअवतारा॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

तिनका तुम करै गुरू बिचारा * यह मति तुम्हैं कैं दै संसारा ॥
तब नारद बोले कर जोरी * बिस्नु पठायो मोहिं बरजोरी ॥
जो प्रथमैं कोउ मिलै जहाना * कीन्ह्यौं गुरू बेद परमाना ॥
अधरम धरम न कुछुमैं जानौं * बिस्नु बचन परमान प्रमानौं ॥
अस नारद सुनिवचननिखादा * दै निजमंत्रसो हरेयो बिखादा ॥
दीन दीनता मंत्र खरारी * कीन्ह्यो सदा नाम रखवारी ॥
जो चलिहौ तुम राहकुचाला * होय खराब नाम निज काला ॥
जो निज नाम न सेवै प्रानी * चलै कुचाल नाम निज हानी ॥
ताहि कुदसा होय संसारा * बिस्नु बैर मानैं करतारा ॥
जपेउ नाम निज उरलै रामा * होइहैं सुजस परम सुखधामा ॥

दो॰ येहिबिधिजानौं मंत्रनिज जपेयौसदानिंहँकाम।
परस्वारथ राखेउहिर्दय पइहौ रामकानाम ६१॥

चौ॰ निजगुरुचलनिचलेयौनाहिंनारद * नहिंतवधर्महोंयजगगारद॥
गुरु नहिं चलनि बचन लैलेहू * होय प्रसन्न जो वै कुछ देहू ॥
नीलकंठ कीरा निज चुनहीं * दरसिकामगुनसुजननगुनहीं॥
जाहि कीट पैदा पाटम्बर * अगिनिनी चधुँअँमेघसोअम्बर॥
गंगाजल महात्म ते कामा * रहेयौसधन घर सालिकरामा ॥
होय बराह बिस्टा प्रभु खावा * पतिब्रत तुलसा जाय छोड़ावा॥
येहिबिधिगुरुकोटिनधरिभेखा * सिक्खिकबोंचहि करैनलेखा ॥
नारद सुनो धर्म सति एहा * गुरु के बचन प्रेम करो नेहा ॥

दो॰ देंह गुरू नहिं बचन गुरु गुनगुरु वेद प्रमान।
नारदसमुझायोगुरू सिक्खिनमन विश्राम॥
नारदउरअसबरतही गोडिया जाति असुद्ध।
बिस्नु बचन काकाकरी मोंहिंसमुझावैबुद्ध ६३॥

चौ॰ नारद उरअस दुबिधाआई * ऊपर ते चरणन सिर नाई ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

जो तुम कहा सत्ति हम माना * तुम्हरे बचन सुनत भै ज्ञाना ॥
अब आज्ञा मोहिं देउ कृपाला * जाउँ धाम निज दीनदयाला ॥
जाउ धाम मानेउँ मम बचना * नारद चले धरे गुरु चरना ॥
अन्तर सोच चले मग जाहीं * करि गुरु उर प्रतीत भै नाहीं ॥
तजि निखाद तन बिस्नु कृपाला * गये बैकुंठ सो दीनदयाला ॥
गये नारद जब बिस्नु के पासा * लीन्ह्यौं गोद जानि निज दासा ॥
पूछेयौ गुरु कहँ कीन सुजाना * गुरु पै कीन्ह्यौं कृपानिधाना ॥
दीन गोद ते बिस्नु चलाई * पैकर अर्थ कहौ समुझाई ॥
बिस्नु कोप लखि नारद काँपा * दीन बिस्नु चौरासी श्रापा ॥
आँखिन ओट होउ तुम नारद * गुरु धर्म कीन्ह्यौं तुम गारद ॥

दो० अब चौरासी जाउ तुम गुरु निन्द्या के हेत।
बिस्नु चरण सिर नायकै नारद चलेयो अचेत ६४॥

चौ० नारद करन चलेयो चौरासी * जनु उर चढ़ी काल कै फांसी ॥
फिरि धरि बिस्नु निखाद सरूपा * गये सरि तीर पाप के भूपा ॥
चले जात नारद उर मांहीं * भइ पेरन चलौ गुरु के पाहीं ॥
पहुंचेयौ नारद जब गुरु पासा * लखि गुरु सिसि सो बहुत उदासा ॥
नारद परे चरण गुरु केरे * गद२ बचन न आय मुख तेरे ॥
केहि कारण सुत मुख नहिं क्रान्ती * कहु निज हिर्दय प्रघट कुछ भ्रान्ती ॥
तब नारद निरछल कह बानी * जस भये आपसो प्रघट बखानी ॥
मैं गुरु कीन अधिक अपराधा * तेहि हित दीन बिस्नु मोहिं बाधा ॥
अब करुनानिधि लेउ उबारी * कहौ कुछु बचन श्राप निरधारी ॥
दीन्ह्यौं श्राप बिस्नु मोहिं घोरा * अब कहो जाउँ कौनि मैं ओरा ॥

दो० कहौ नाथ निरधार कुछु थोरे मा कल्यान।
तुम तजि दीनदयाल को मम हित हौ भगवान ६५॥

चौ० पाँहि२ सरनागति स्वामी * मम अपराध छिमो अनुगामी ॥
तुम गुरु बिस्नु एकही रूपा * भेद भिन्न नहिं दोउ जन भूपा ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

असमुनिसिसिकेबचनदुखारी * गुरुअभिअन्तरबचनबिचारी॥
नारद जाउ बिस्नु के पाहीं * कहेयौ चौरासिमेंजानतनाहीं॥
मोहिं महिसबलिखिदेउबताई * जबलिखिहोंयतबलोटेवभाई॥
यह करिजतन पाप करुनासा * गुरुके बचन धरौ बिसवाँसा॥
हम गुरु बिस्नु एकही रूपा * बिन बिसवाँस परेयौ भवकूपा॥
अब न तुम्हैं माया कुछु ब्यापी * गुरुके बचन सत्ति उर थापी॥

दो॰ वहि चौरासी लोटियो जो लिखिदेंयकृपाल।
परेयौ बिस्नुके चरनतब सबकटिहैंतवजाल॥
सुनि नारद गुरु बचनतब गयो बिस्नुकेपास।
मोहिं चौरासी लिखिकहौ तब बैठे बिस्वास॥
लिखाबिस्नुचौरासिमहिपुनिनारदगयेलोटि।
बिस्नुआगेठाढ़े भयो मिटेउकरमसबखोटि॥
होय चौरासी आयौं मैं जयजयकृपानिधान।
यहगुरुजतनबतायमोंहिंभयोसहज कल्यान॥
कहा बिस्नु नारदसुनौं असगुरु पर पै धारि।
कोटिजन्मकेपापतवछिनमा दीन्हौंटारि ७०॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेनारदोगुरूकरते अमनास्तेआपनिरधारेनामसप्तमोध्यायः॥७॥

संकादिगुरूकथा॥

चौ॰ जावोकबों असकामनकीन्ह्यौं * मनबचगुरुचरननचितदीन्ह्यौं॥
गुरु द्रोहीतिस्टै नहिं ताता * ममप्रणसत्ति मान्यो यहबाता॥
गुरुममब्रह्म सत्ति सिवबानी * मनिहौं सत्ति होय नहिं हानी॥
यहिबिधि हरि नारदसमुझाई * आगिल चरित कहौं सुखदाई॥
वह नारद गुरुभयो निखादा * जिन मांग्यो प्रभुचरनप्रसादा॥
मांगि बिदा नारद तजि सोका * बिस्नुचरनधरिगयेविधिलोका॥
मिलेउजाय अपनी निजमाया * सारस्वति चरनन सिरनाया॥



CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

जांय देवस निसिआनँदभारी * सनकादिकन सहित सबनारी॥

दो० नारदब्रह्म अनन्दमा तनमनधन सुधिनाहिं॥
कोहमकोसंसारको देवसअनँदसमजाहिं ७१॥

चौ०सनकादिक पूंछैं हरखाई * नारद कहां गयो रहे भाई॥
तब नारद सब कथा बखानी*कहीबिपतिनिजसकलअजानी॥
बिनु गुरुकिये तात यह देही * कोउ नाहीं जग परम सनेही॥
पति बिहीन जिमित्रिय संसारा* अपर चहै कोटिन परिवारा॥
तेहिबिधिगुरुबिनजन्मअकारथ*जिमिछत्रीकुलबिनमहभारथ॥
गुरुबिहीन मुख बिस्नु न देखैं * तृणसमान नर तन नहिंलेखैं॥
गुरु बिन जग्त पापके रासी *कबहुँनमिलैंहिर्दयअभिनासी॥
बिनु दीपक घर सकल अँधेरा * असमूरख गुरुबिन उरतेरा॥

दो० जैसे कंचन धामबर मनु कुबेर के बास।
बिनुदीपकजनौंभूतघर भयोजमनकेत्रास ७२॥

चौ०गुरुबिहीनपसुसरिसअभागा*जबलगिहिर्दयनहींअनुरागा
सुनि सनकादिक नारद बैना * खुलिगे बिमल हिर्दयके नैना॥
कह सनकादिक कहौ गुरुभाई * नारद हमहुँ करब गुरुजाई॥
सुनि नारद बोले सुख सागर * संकर गुरू करौ मति आगर॥
कहसनकादि कहां हैं संकर * जिनते जायलेउँ मैं मंतर॥
नारद कहा चलौ मम साथा * हम कराय गुरु करन सनाथा॥
लीन साथ सनकादिक बालक * नारद चले सुमतिके घालक॥
सनकादिक उरगुरु अनुरागा * जिमिचुम्बकपत्थरलोहलागा॥

दो० सारदहिंयाँ बिलखत फिरै कहँसुतगैममचारि।
कहँ नरदाधौं लैगयो ममसुत डारि बिगारि॥
नारद लै सनकादि का गयो सम्भु के पास।
हुँआँसंकरतारीलगींमँगनध्यानकैलास ७४॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

छं० कैलास बास संकरं। श्रीरामनाम अंतरं॥
समाधि जोग ज्ञाननं। तवनाम जग्तभाननं॥
कुभेख भेख धारनं। डिगम्बरं अपारनं॥
गनेस सेस बन्दितं। सोभाल सुभ्र चन्द्रितं॥
नाग वस्त्र धारनं। बिभूति सैन सारनं॥
अजातिपन्थ पन्थनं। हिर्दयसो स्वासग्रंथनं॥
अनेक रूप रूपनं। सो कोटिभान भूपनं॥
ज्ञान भाव सक्तिनं। तुएव बिन्न भक्तिनं॥
अपार पार मायनं। तु ब्रह्म जग्त छायनं॥
जागियो कृपालपाल। दासठाढ़ोअतिबिहाल॥
भर्मकोटिठाढ़ोकाल। जागोनाथमेटोजाल॥

दो० सुनि अस्तुतिसनकादिकी जाग्योसम्भुसुजान।
पाँचोसुत द्रिग देखिकै बोले कृपानिधान॥
तुमको कहाँते आयहौ कहौ पिता निजनाम।
स्वावत मोहिं जगायो है कहौनामनिजकाम॥
ब्रह्म हमारे पिता हैं दासी सारद माय।
नामसो नारद सनतसम मंत्रलेन हम आय॥
जाना संकर मरम सब ईसुतआहिं हमारि॥
पाँचो सुतनिजगोदलैपूछेयोहाल बिचारि ७८॥

चौ० क्रम२नारदकहेयोबखानी * निजउतपतिसनकादिकबानी॥
जेहि बिधि गयो बिस्नुके पासा * सबनिजकर्मसोसकलप्रकासा॥
जेहिबिधिगुरुकीन्ह्योंअभिनासी * सो नारदसबबचनप्रकासी॥
जेहिबिधिसनकादिकभे साथा * सोसब कहेयो नाय महिमाथा॥
सुनिसबहाल सम्भु सुखपावा * मंत्र भाव सनकादि बतावा॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

सुनौं मंत्र निज ज्ञान प्रकासी * सबघटध्यान करौअभिनासी ॥
तजि निज धर्म आनकुलुनाहीं * राम भक्ति राखेयो उर माहीं ॥
ओंकार सोहं जपु मंत्रा * सदाँ बाल त्यागौ जग तंत्रा ॥
ममहं माया सब संसारा * जीउचराचर बिबिधि प्रकारा ॥
निजहं रूप सकल चौरासी * तीनिलोक तक ब्रह्म बिलासी ॥
ततहं पाँचौ तत्त पसारा * तीनौं लोक रूप संसारा ॥
हं आत्मा ब्यापि संसारा * नमस्कारकरि जिउभव पारा ॥
इति दोवादस मैंमंत्र बतावा * राजा मनु जपि मन सुखपावा ॥
ओंसोहं ओंममहं ओंनिजहं * ओं ततहं ओं आतमाहं ॥
पायनमः ॥ इति दोवदास मंत्र ॥

---

दोवादस अच्छर मंत्र बिरागा * विनुयहि जपेनहोय अनुरागा ॥
दोवादस गुरु अन्तरके माहीं * ताहिभेद कोउजानत नाहीं ॥
इच्छयामनअरुपवनबारिवर * अगिनिधरनिआकाशजलनिवर ॥
पितामंत्र जहँ अरु सतसंगा * दोवादस नाम हनायो गंगा ॥
दो० दै सनकादिक मंत्रअस गुरूध्यान यकसाथ ।
कोटिजन्मके पापकटे भै सनकादिसनाथ ७९ ॥
चौ० सनकसनन्दनसनतकुमारा * मंत्रपाअगय सकल बेकारा ॥
सनकादिक व्यापे संसारा * जीव तत्तु लै विमल बिचारा ॥
दोवादस गुरुधरि अंतरमाहीं * सोक मोह सपनेउँ उर नाहीं ॥
अहं ब्रह्म सुत पाप न पुन्नी * है निज रूप हमारा सुन्नी ॥
मंत्र पाय गय भ्रम संसारा * जीवन मुक्ति भये भव पारा ॥
तजितनसकलभरोस असंका * रहारामबल त्रिगुन सो अंका ॥
रामा पाई अंतर भाखी * तिनकरअर्थ कहौं सिवसाखी ॥
दो० राम नामके तीनघर व्यापे सकल जहान ।
रामापाईबिलगकरि तीनबिभागसोज्ञान ८० ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

चौ०रजगुनराब्रह्मा ब्यापे जग * रचैं सृस्टिचौरासी रहैंलग ॥
बिस्नु सतो गुण पाई अन्तर * पालैं सृस्टि रहैं लछिमी पर॥
तमगुण संकर त्रिकट मकारा * तीनौं लोककरैं सिंघारा ॥
एक तरह यहिबिधि जगरामा * दूसर अर्थ कहौं सुख धामा ॥
परसराम रा अच्छर जानी * पाई राम पालि रजधानी ॥
कृस्न मकारभयो अवतारा * करिगोपिन सँगकेलि अपारा॥
दूसर भाव राम असपावा * तीसर सज्जन सुनौं सुभावा ॥
अगिनि रकार रजोगुन जानी * तीनिहुँलोक काम पहिंचानी॥
पाई सुर्ज प्रकास जहाना * पालनसतगुन बिस्नुप्रमाना॥
चन्द्र मकार सम्भु सिंगारा * सकलनींदबसि करि सिंघारा॥

दो० रामरूप अस अर्थलै तीन प्रकार बिभाग ॥
गुरुप्रताप असिमतिभई सम्भुचरन अनुराग८१॥

चौ०चउथाअर्थसुनौंसुभदायक* देवसरकारपालफललायक ॥
पाई प्रात रजोगुन जाना * सृस्टिरचैं सब जग्त प्रमाना ॥
होति भोर सब लागेयौ कामा * रजगुन बास ब्रह्म सुखधामा॥
राति मकार तमोगुण सम्भू * बिकट भयंकर भरमकेखम्भू ॥
पंचम अर्थ सुनौ सुखदाई * नाम रकार अचल पद पाई ॥
जिउ पाई तन जानि मकारा * अस मम राम इस्ट संसारा ॥
खस्टम अर्थ सुनौं मन रंगा * अगरीसुमतिहनायलेवोगंगा॥
रा आकास पाइ मधि लोका * सदाँ मकार पताल असोका ॥

दो० रामनाम अस हिर्दय बल अपर न देहँ भरोस ।
सत्ति सत्ति सतिकहौं मैं सुनौं नाम निज कोस॥
राम नाम के बीच मा तीनों लोक समान ।
यह रचना कब जानिपरै जब सतगुरु पहिंचान॥
राम नाम अस हिर्दय लै संकरपद सिरनाय ।

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

सनकादिक गवनतभयो जग्तहेत सुखदाय८४॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेसनकादि कोमंत्रेसम्भुउपदेशेरामनामलाभेब्रह्मरूपे दोवादसमंत्रे नामअस्टमोध्यायः ८॥

विश्नु शंकर गुरु कथा॥

चौ०कहुँनारदगे कहुँसनकादी * पाँचौ पुत्र ब्रह्म के बादी॥
तेहिछिनबिस्नुआयसिवपासा *दोउजनउठिमिलेहिर्दयबिलासा
देखिगरुड़ भागे सब नागा * रहे बेपर्द सम्भु अनुरागा॥
बिस्नु हँसेतेहि छिन ठहठाही * संकर रहे नयन सिरनाई॥
भे मिलि भेंटि बैठि दोउ भाई * गय गुरु करनबिस्नु सुखदाई॥
कह सिवनाथ कीन बड़िदाया * ममऊपर तुम्हारि बड़िछाया॥
पुनि बोले अस बिस्नुकृपाला * सुनौं नाथ मम दीन दयाला॥
तुम गुरु छांडि अपरकहँजाहूँ * जेठि बन्धु दाहिन सुभ बाँहूँ॥
दो० हमैं मंत्र तुमदेव सिउ तुम हमते लैलेउ।
दोउजनमहापवित्रहोये जग्तसुजसवरसेउ ८५॥
चौ०मोहिंउपदेसदेउकरुनानिधि* पावौंपारजग्तमाजेहिबिधि॥
कह संकर ममगुरुपहिलेतुम * सेवौ नाथ मोहिं अपने द्रुम॥
बिस्नु कहा यह उचितननाथा * प्रथमै हमैं तुम करौ सनाथा॥
जेठि बन्धु स्वामी अवतारा * राखौ धर्म ब्रह्म संसारा॥
तुम हमका जेठे करि माना * दूसर जन्म नात परमाना॥
मंत्र प्रथम हमैं फिरि तुमलेहू * हम गुरु तव तुम गुरुहमगेहू॥
सुनि असबिस्नुबचनउरसंकर *लागेयोकरनबिचारसोअंतर॥
मंत्रदेत इन्हैं मन सकुचाहीं * ई गुरु हिर्दय बसैं मम माहीं॥
मुलुमनिहैं नहिं बिस्नु कृपाला * बिस्नुसुमिरिउर दीनदयाला॥
दो० संकर हिर्दय बिचार करि इन्हैं मंत्रका देह।
जग्त धरमइनका चही बिस्नुबिस्सुपर नेह८६॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

चौ०करिहरध्यानहरीउरमाहीं ❋ लागेयौ मंत्र देन छल नाहीं ॥
बिस्सु बिस्नु लेहू यह मंत्रा ❋ करौ जाय संसारी तंत्रा ॥
पालौ सकल चराचर जाऊ ❋ अपनि आतमा मानेयोभाऊ ॥
येहि पालन हित तवअवतारा ❋ तीनहुँ लोक बिस्सु करतारा ॥
बिस्सु बिस्नु ते नहिं कुछु भेदा ❋ एकै रूप सत्ति गुण वेदा ॥
तुम गिरिस्त हम साधुसोजाना ❋ चाहिय दया लेहु यहु ज्ञाना ॥
बिस्सु बिस्नु बिस्वास सरूपा ❋ बिन बिसवाँस परेयौभवकूपा ॥
मैं अरु मोर तोर तैं नाहीं ❋ लेहु मंत्र यहु धरौ उर माहीं ॥
मथौ समुद्र छीर तुम जाई ❋ जस जलनी सुत छीरपियाई ॥
रतन निकारिबाँटि जग देहू ❋ आपन रूप लच्छिमी लेहू ॥

दो० सान्ति चही तुमका धरै सदाँ सतोगुण रूप ।
जीव आतमा आप तुम सदाँ बिस्सुके भूप ॥
सो० भक्ति भाव के धाम सदाँ चही तुमका बसै ।
अपनारहतअकाम जिमिजलपुरयनिनाफँसै ८८ ॥

चौ०सदाँदीनपर राखेयौदाया ❋ सब तिहुँलोकतुम्हारी माया ॥
करौ राजि तुम जगमा जाई ❋ होउ लच्छिमी पति सुखदाई ॥
पालौ प्रजा चराचर जीऊ ❋ प्रजा आपनी जानेउँ पीऊ ॥
जबतक प्रजा तबहिंतक राजा ❋ प्रजा नास नृप भयो अकाजा॥
जिमि कोउनारिभयौ पतिहीनी ❋ गई अनन्द भई मतिदीनी ॥
रहिगा लुंड कटे कर जबहीं ❋कहौ कौन सुख पावै तबहीं ॥
प्रजा नेति राजा का जानैं ❋ अपने मात पिता सम मानैं ॥
राजा नेति अपन सुत जानी ❋ दोउजन परसरूपसुखखानी ॥
राजा मन रइयत भई इन्द्री ❋ दोउजन एकरूपसुखासिन्द्री ॥
मन बिनु इन्द्री कुछु नहिं माँगैं ❋ इन्द्रीबिनु मननहिं अनुरागैं ॥
राजनेति अस बिस्नु कृपाला ❋ जाउ लेउ आपन जंजाला ॥
राम नाम राखेयौ उर माहीं ❋ यहिजगमा कुछुदुरलमनाहीं ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

पालहु प्रजा अपनि संसारी * दीनबन्धु तुम सदा खरारी ॥
तुम जानहुँ सब अंतरजामी * चतुरप्रबीन सदाँ अनुगामी ॥
कीन मोंहिं गुरु दीन बड़ाई * यह दाया जनपर अधिकाई ॥

दो० जो कोउ तुम्हरीभक्ति करै जानैं तुमको अन्त।
तेहिपर सदा दयालतुम करि गुरु थापौ सन्त ॥
येहि बिधि संकर मंत्रदै बिस्नु भयो आनन्द।
तब संकर बोलत भयो अब काटौ मम फन्द ॥
बिस्नु कहा संकर सुनौं अपने मंत्र बिचार।
तुम साधू हमग्रिहींहैं तव दरसन भवपार ६१ ॥

चौ० तुमबिनअसकोदेयेउपदेसा * दीनबन्धु तुम धर्म नरेसा ॥
संत सेये गिरही कल्याना * पावैधर्म आपनि निजज्ञाना ॥
अब कुछु सुनहुँ संतकेलच्छन * जसहमारिगुरुब्रह्मबिलच्छन ॥
तुम साधू निरलोभ सरूपा * तीनहुँ लोक बिस्सु के भूपा ॥
तुम्हैं साँति चाही उर माहीं * संसय सोक मोह भ्रम नाहीं ॥
निज आतमा ध्यान दिनराती * मानस नामभजन येहि भाँती ॥
निन्द्या अस्तुति एक समाना * निरंकार निसदिनकरौ ध्याना ॥
चाहिय कोमल संत सुभाऊ * जगत बचन दै कान न काऊ ॥
सदाँ राम धुनि प्रेम बिचारा * आठौ पहर ब्रह्म मतवारा ॥
तजिनिजधर्म आनगतिनाहीं * चौंसठि घरी भजनमन माहीं ॥
पर दारा पर सम्पति त्यागी * अपने रूप मस्त अनुरागी ॥
जाति पाँति धनधाम बिहाई * परस्वारथ पर साधु गुसाई ॥
ज्ञान सरूप गँगँन सम देहीं * दै सब कर्म सुजस जग लेहीं ॥
तुमजानौं सिवभजन उपाई * कहेयौं सन्त हित मैं सुखदाई ॥

दो० यहिबिधिजानौं मंत्र निज जपेयोसदा निजनाम।
परस्वारथ भरि धर्म नहिं सर्ब भाव उर राम ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

कर्म सम्भु दैं बिस्नु का बिस्नु सम्भु दैं ज्ञान।
दोउ जन महाँ अनन्द भै प्रेमरूप कल्यान॥
सम्भु चरन सिरनाय कै गयो बिस्नु बैकुंठ।
सालिकराम अजानलिखि जानौं साँच न झूंठ ९४॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेबिस्नुसंकर गुरूलाब्भेनामनौमोअध्याय ९॥

सतसंग तालाब कथा॥

चौ० चाँवलभरिसाँवलगुनआवै * झूँठिसाँचिजगतबलखिपावै॥
बिस्नु सम्भु कै कथा पुरानी * कह्योंसरिसमतिबिमलबखानी॥
जो यह कथा सुनैं नर नारी * मोह निसा उघैरैं उर तारी॥
सम्भु बिस्नु गुनमिलैबिसेखी * कह्यौं कथा सबआँखिनदेखी॥
बर्तवान सुन्दर सतसंगा * धरै बिसवाँस लगै हरि रंगा॥
सकल पाप भ्रम भंजनहारा * सतसंसागर बिमल बिचारा॥
नहिं कोउजग पुरानकै आसा * सालिकराम बिबेक बिलासा॥
सकल चतुरता सबछल हीना * कहौंनिजब्रह्मचरितमतिदीना॥

दो० सतसंसागर जो सुनैं होय रामकर रूप।
दयाधर्म उरमा बसै परै न सो भवकूप ९५॥

चौ० सज्जनसुनतश्रवनबिस्रामा * मनबसकरनसुजसतेहिनामा॥
जाहि सुजस निज नाम पियारा * रामभक्तमतिबिमलबिचारा॥
सतसंसागर अगम तलावा * सुनहुसुजनजेहिभाँतिबनावा॥
सकल सतगुरन सुमिरनकीना * तिनबिबेकमतिअसमोहिंदीना॥
भक्ति भूमि दीनता गँभीरा * ज्ञान प्रेम निरमलभर नीरा॥
इस्ट नाम निज ईंटसो लागी * पाकी सुपक भावकी आगी॥
चैंना चुप संसार कि बानी * अस्तुतिनिन्द्यासमसुभजानी॥
चूँना सत्ति मसाला साजा * लागिबनावैंनमन निजराजा॥
इन्द्रिन देव मँजूर समाजा * सुजस मँजूरी धर्म के काजा॥



CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

दो० असमसतसंसागरबनेयौं देसअलउकिकमाहिं।
दया धर्म जाके नहीं तेकबहूं न हनाँहिं ६६॥

चौ०मासतीनिलागेयहिजोरत * भयो तयार जग्त भै सोरत॥
सोहं सोत प्रेम कढ़्यो बारी * फूट्यो बम्ब अगाध मुरारी॥
स्वाद बिचार बारि सुखदाई * सीढ़ी सील सुभाव सोहाई॥
मगरा गर्भ कच्छ खट कर्मा * नेम मीन सुन्दर जग धर्मा॥
सतसंसागर महिमा भारी * सुनि जग चलेदेखन नरनारी॥
भा मेला सागर के ऊपर * बहुतकबूड़ि कचरिमतिमूसर॥
बहुतक गये मेला मा लूटी * बहुतक गांठिगयो कुछु छूटी॥
बहुतकगे हेराय निज साथी * बहुतकबचनकोटिकहैं पाथी॥
लागिबजार सो ब्रह्म बिचारा * चहै जो लेय जौन संसारा॥
होंय तमासा बिबिधि प्रकारा * बहुतक भूले देखि बिहारा॥

दो० सागर अतिनागर भयो देखत बनैं सुजान।
मुखते कहिआवत नहीं मूकस्वादपरमान ६७॥

चौ० बहुतककूदैं सागरमाहीं * बहुतक बैठि किनारे हनाँहीं॥
बहुतक ध्यान करैं भगवाना * बहुतक बाँचैं बेद पुराना॥
बहुतक कुछु मेला ते लइगे * बहुतक दान गुप्त कुछु दइगे॥
तीनलोक आयो सब देखन * मेला भयो अपार अलेखन॥
जिनकर भै मेला कुछु हानी * ताहिचरितकुछुकहौं बखानी॥
अगरी सुमति सुनौं मनलाई * मेला देखो परम सुहाई॥
ताल अलउकिक देखौ रानी * ज्ञान नैन निरखौ बर बानी॥
चहै जो लेउ अनन्द अघाई * सउदा मेला परम सुहाई॥
कटि हैं पाप करत अस्नाना * मिलिहैंप्रघटतुनहिं भगवाना॥
लाभ हानि कुछु सुनहु भवानी * करौ प्रतीत प्रेम बर बानी॥

दो० जाके कुछौ विचार नाहिं ते बूड़े नर नारि।
राम रूपमा पैठिपरे संड भंड बिबिचारि॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

अधकचराते कचरिगे कुछन लाभभै भूलि।
कामक्रोधमदलूटिगे भयौ छिनकमा धूलि॥
रहे ठगठगे ठाढ़िजे गांठि छूटि कुछ जान।
करनलागिनिन्द्याजोइ ते रोवैं अज्ञान १००॥
बहुतक करते बादबहु सपनेउं नहिं उरराम।
यहु हल्ला मेला भयो बात परै नहिं कान॥
बहुत खरीदैं मालबहु जिनके दया है दाम।
जिनके पइसा है नहीं दयारहित बिनु काम॥
रहसरंग निज रामकर देखि रहे बहु लोग।
प्रेमअनन्द न खबरितन सपनेउं मोह न सोक॥
बहुतक प्रेम अगाधमा कूदि परैं आनंद।
बहुत किनारा खैंचहीं परि ना जाईं फन्द॥
बहुत रामके रूप निज लीन होंईं संसार।
जे पैरैं जानैं सदाँ करि बिचार तरि धार॥
बहुतक बानी बाँचहीं रामरूप नहिं छार।
वइ पंडित सागर तटै करैं पाट सुकसार॥
बहु सागर सतसंग सुनि लइगे रामके रूप।
वई खरीदैं माल बहु सुन्दर शब्द अनूप॥
गुप्त हिर्दय प्रभुमिलेबहु कोउनहिं लखै सरूप।
गुप्तदान इन मन दियो वई जगतके भूप॥
जस सतसंसागर भयौ प्रघट्यो यहि संसार।
कह्योंसकल सतगुरुकृपा सुनतजीव भवपार १०९॥
चौ० सेस कोटिसत पार न पावैं * सोसतसं कोउकहँलगिगावैं॥
सतसं महिंमा अगम अपारा * तीनहुँ लोक धरे सिरभारा॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

ताहि सुजसबरनत मतिहारी * अपर ब्रह्मजस कहौं बिचारी ॥
अगरी सुमति धन्नि तवभागी * रामरूप लखुअसअनुरागी ॥
सागर कथा सुनैं नर नारी * ताहिबिमलमतिहोइबिचारी ॥
सब कामना देइँ भगवाना * हिर्दय प्रघटहोइहैं सुभज्ञाना ॥
धरि बिसवाँस सुनैं नर नारी * प्रेम नसा उर चढ़ै खुमारी ॥
कह्यौं कथामति सरिस बिचारी * मोह निसाकी सबभ्रमहारी ॥

दो॰ सुनहुँ आगरी सुमतिउर बैठि हिर्दय लखुभाव ।
सालिकरामप्रतीतधरु तजिदे हिर्दयकुभाव ११० ॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेसतसंगसागरे प्रमाणउत्पन्नेविधिसंजुक्तनामदसमोअध्याय १० ॥

ब्रह्मसृस्टिप्रघटकथा ॥

चौ॰ जबते ब्रह्मबिस्नुउरगयऊ * बैठि बिस्नु उर रचनाठयऊ ॥
गुरिया बिस्सु लाख चौरासी * तेहिबिच सूतब्रह्मअभिनासी ॥
लागि बनावन तीनहुँ लोका * सुनियह कथा मिटैं भवसोका ॥
बैठि सकल उर पिंड बनाई * जहँजसतहँ तसभावदिखाई ॥
अंडज पिंडज उखमज थावर * चारिखानि जग जीवबनावर ॥
जलचर थलचर नभचरजाती * कीन्ह्यौंप्रघटबिस्सुयेहिभांती ॥
सकल हिर्दय ब्रह्मा अवतारा * चारि लाख चौरासी धारा ॥
जीउ ब्रह्म ऊपर तन माया * जिमिभूषणबिचकंचनछाया ॥
फूल बासना तिलमा तेला * येहिबिधिब्रह्मसकलउरमेला ॥
भाजन बीच मृत्तिका सानी * अस उर ब्रह्म वेदकहैं बानी ॥
निज २ उर रचि रचना न्यारी * यक उर प्रघट होंयनरनारी ॥

दो॰ माया ब्रह्म न भेद कुछु दोउ जन एकै रूप ।
तनसूरज मूरतभयो माया छाया धूप १११ ॥

चौ॰ आपनिसृस्टिआपरचिलेहीं * जीउ भै आप मायभै देहीं ॥
आपै खुदा आन नहिं दूजा * आपै देवल महिजित पूजा ॥
तीनहुँ लोक हिर्दय ते आवा * प्रघटदेखु मनसमुभुसिखावा ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

नहिं कोउ निकर्‌यौ बादरफारी * सकल हिर्दय प्रघटी संसारी ॥
कोउनहिंनिकर्‌यौफोरिपताला * नहिंकोहुकाजगखायो काला ॥
आपै प्रघट आप उठि जाना * जिमि दीपक दीपकै समाना ॥
कोइला मा गै आगि समाई * येहिविधिआपमाआपगोसाई॥
अभिअन्तर कढ़े वेद पुराना * यह कब जानै होय उरज्ञाना ॥
तीनिलोक रचिभे बिधिजबहीं * पुनिबिचार कीन्ह्यौं उरतबहीं ॥
तीनि मुहल्लाकर बिधि गाऊँ * करिबिचार यहिकरधरौंनाँऊँ ॥
तीनि गुनन लै सृस्टि सँवारी * रज सत तम मन लेउविचारी ॥
रजकरि प्रघट सतोकरिपालन * तमसिंघार भयो जगकालन ॥
रजगुण रा सत पाई जानी * तमगुण मा सिंघार प्रमानी ॥
जिउ रकारमा माया धारी * पाई दास भयो उपकारी ॥
पाई नाम सो बीच बिलासा * रामा मद्धि दास कर बासा ॥

दो॰ टोलातीनिकगाँवविधि धरा नाम येहिराम।
तीनिलोक देहीं लखो सालिक नामहैं राम ॥
जैसे गाँवबसावै कोउ ताहि नाम धरै जउन।
तैसे ब्रह्मा रामधरि लोक तीनिकर तउन ॥
रा अकासमधि पाइभइ तमगुण मा पाताल।
मायब्रह्मलैसृस्टि सम लखौ ख्यालगोपाल ११४॥

चौ॰ नाम देंहँ नहिं जानौंभेदा * लिखे लिलाटकर्म सुभवेदा ॥
जो जसकरै सो तस फल पावै * प्रघट लिलाट वेदअसगावै ॥
येहि विधि ब्रह्म लिखे सबकर्मा * धरिबिसवाँसलखौश्रुतिधर्मा ॥
रच्यौसृस्टिविधिबिमलविसारद*तेहिछिनआयगयोपुनिनारद॥
ब्रह्मपितै करि दण्ड प्रनामा * नारद बैठि गयो सुखधामा ॥
देखि सृस्टि पूँछा नारद मुनि * कहौ पितायहहालहिर्देंगुनि ॥
जस बिधि रचा सकल संसारी * क्रम २ भेद कह्यौ बिस्थारी ॥
जेहि विधि अपन बसायोगाँऊँ * धर्‌यौबिचारिसुभगसुभनाँऊँ ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

अच्छर कर्म कथा समुझाई * पुनि नारद बोले सिरनाई ॥
नैनतरे ऊपर लिखि कर्मा * केहिविधिबाँचीजिउनिजधर्मा॥
अंकलिलाट लिखौ करमाहीं * जिमि सज्जनकोउबाँचेपाहीं ॥
जोइ कपाटकरसोइलिखौ बेदा * जेहि बलबुध पावैं क्रमभेदा ॥
यतनी बात लिखाई नारद * नाहिंतो धर्म होत सब गारद ॥

दो॰ तीनिजगा लिखि कर्मकर कर कपाट अरुवेद।
करिसतसंगति बाँचहीं मिटैं हिर्दय भ्रमखेद ॥
राम नाम कर भेदलय जसप्रघट्यो संसार।
ब्रह्म चरन शिरनायकै नारद चल्यो उदार ॥
राम नाम अरु जग्तकर कह्यों कथासुखदाय ॥
सालिकरामजोसुनैंनर मिलैंब्रह्ममाजाय ११६ ॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेब्रह्मस्रस्टि प्रघटेग्रामनामेत्रेइगुनेकर्मलिखतेनारदउउपकारे नामएकादशोअध्याय ११ ॥

ब्रह्मणरूपकथा ॥

चौ॰ ब्रह्मसुन्नितन सदाँबिदेही * सबतन मन्दिर परमसनेही ॥
अपर न पूजा कहुँ संसारा * ब्रह्मण मूरति ब्रह्म बिचारा ॥
जन्म जायते सूद्र बखानी * संसकार द्विज वेदन बानी ॥
वेद पढ़ै तब बिप्र जहाना * जानैं ब्रह्म सो ब्रह्मणज्ञाना ॥
सूद्र और द्विज कलि बहुजाना * विप्रचहै कोउ कहुँकहुँआना ॥
ब्रह्मणते कलि भयो बिहीना * तजिनिजधर्मबिसयलौलीना ॥
ब्रह्मण ब्रह्म परापर धर्मा * असब्रह्मण पूजे सुभ कर्मा ॥
जन्म जायते सूद्र बखाना * संसकार बनियां जगजाना ॥
बेद पाठि छत्री अवतारा * ब्रह्म भयो ब्रह्मण संसारा ॥

दो॰ ब्रह्मणके असकर्म जग चारहु वरण सरूप।
तीनिलोकचरअचरसब वरणअठारहभूप ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

चारि वरण श्रुतिचारिजुग संध्यातीनौकाल।
तीनिलोक दसअस्टवर ब्रह्मणब्रह्मकृपाल ११८॥

चौ० जन्म जायते सूद्रप्रवीना * करैं मँजूरी कर्म विहीना॥
संसकार बनियां सुभ कर्मा * देव पितर लायक भै घरमा॥
वेद पाठि छत्री धरि छत्रा * बाँधे अत्र फिरैं कर पत्रा॥
रइयति पालि सकल संसारा * छूति दोस निस्चर सिंघारा॥
साइति हुकुमुचलै संसारा * कुछु मद्धिम कहिदंड बिचारा॥
धर्म तसील जग्तमा करहीं *राजिनेतिनउगुननितचलहीं॥
छिमासरल चित दम्भविहीना * हिंस्यामद अभिमानसुछीना॥
थिरता संजम गुरुकी सेवा * राजनेति इति छत्री देवा॥
पूज्जनीयँ ब्रह्मण कै मूरति * गात्त्री रूप ब्रह्म कै सूरति॥
अस ब्रह्मण ब्रह्माजग पूजा * अपर लोक तिहुँ ब्रह्मनदूजा॥

दो० सूद्र बइस छत्री जगत ब्रह्मण ब्रह्म सरूप।
गात्त्रीअच्छर रूपधरि हरैं जगतभवकूप ११९॥
ब्रह्मा विस्नु महेसलर सुभ तन जग्योपवीत।
गात्त्री जोतिसो ग्रंथिहैं भिच्छुकब्रह्मअतीत॥
भिच्छुकचारि प्रमानजुग बावँणविस्वामित्र।
दास सुदामादुरबलै ब्रह्मण ब्रह्म पवित्र १२१॥

चौ०चारहुजुगनचारिभिखियारी* पाय सम्प्रदा भयोसुखारी॥
ब्रह्मकथा मति सरिस बखाना *अगरीसुमति ब्रह्मअसज्ञाना॥
जसमैं कथाकह्यौं सुखसागर *सुनैंसकल मतिजाहिउजागर॥
चारिहु बरण सदाँ सुख सोई * ब्रह्मणका विसेसि हितहोई॥
सुनि यह कथा न ब्रह्मण भावै *सो ब्रह्मणनहिं असस्तुतिगावै॥
भेख धरे पै भेद न जानौं * जैसे पसू स्वांग पहिंचानौं॥
कउवा का कपूर का जानी * मरकट भूषण का पहिंचानी॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

खरके का मलयागिरि लाये * स्वानैं का भै गंग नहायें ॥
दो० का सर्फन मलै गंधमिलि विषनहिंतजेन भुवंग।
काब्रह्मणभै कर्मबिनु मिलेवनब्रह्माअंग १२२॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेब्रह्मण
ब्रह्मरूपेकर्मसंजुक्केब्रह्मणोंप्रतापेचरित्रेवरणन
नामदोबादसोअध्याय १२॥

विश्नुनारदसतसंगकथा ॥

चौ० ब्रह्मै सृस्टि रचासंसारी * तबनारद असहिर्दय बिचारी ॥
सृस्टि प्रघट अहार कुछुनाहीं * कीन्ह्यौं राम ध्यान मनमाहीं ॥
तीनहुँ लोक गाँव जोइ नामा * नारद हिर्दय सुमिरिअसरामा॥
गयौं विस्नु पहँ लैकर बीना * गावतहरिगुणअचलनवीना ॥
करि अस्तुति बैठ्यौ महि माहीं * रतनसोच कुछुकहिसकैंनाहीं ॥
पूँछा विस्नु कहाँ चल्यो ताता * तब नारदकहिरतन कि बाता ॥
हिर्दय सृस्टि ब्रह्मारचि गयऊ * प्रघट होनकर अवसरभयऊ ॥
करहु अहार जतन अनुगामी * मथौ छीर दधि अंतरस्वामी ॥
विस्नु सुनें नारद के बैना * महा अनन्द बढ़ी उर चैना ॥
दो० पातक देंहँ बिचारिविधि तनुछांड़्यो संसार।
आयोतुम्हरेहिर्दयमा रच्योसृस्टिस्रुतिसार १२३॥
चौ०हिर्दयहालकेहिबिधितुमजाना*तनुतजिममउरब्रह्मसमाना॥
तब नारद बोले कर जोरी * गयौं हिर्दय तस कहौं बहोरी॥
ज्ञान रूप बालक धरि देहीं * गयौं हिर्दय तव परमसनेही ॥
देखौं जाय सृस्टि कै रचना * देखत बनैं न मुखकढ़ैंबचना॥
जेहि बिधि ब्रह्मै गाँव बनावा *धर्‌यौ नामतस बिस्नुबतावा ॥
तुम्हरे हिर्दय तीनहूँ लोका * रामनाम सुनि भयोअसोका ॥
यह नहिं जानैं विस्नु वोदारा * की ममहिर्दय ब्रह्मपगधारा ॥
जानैं बिस्नु ब्रह्म ब्रह्मलोका * हुँआँसृस्टिरचिपरमविसोका॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

दो॰ तीनिलोक उर जानिकै विस्नु भयो आनंद ।
जैसेसंकरधारि सिर मिटयो कलंकसोचंद १२४ ॥
चौ॰ तीनिलोकअपनेउरजाना * तब भै विस्नु विस्नु भगवाना ॥
जानत भेद सक्ति उरआई * रतन हेतु कछु रच्यो उपाई ॥
लै उर ज्ञान बाल तन धारी * बिमलहिर्दयनिजगयोखरारी ॥
आठमास कर बालक भयऊ * क्षीर उदधि तब पहुँचत भयऊ ॥
नारद सहित गयो उरमाहीं * मिलेउ जाय ब्रह्मा मनमाहीं ॥
जो नारद कह निजमुखबाँची * रचनाविस्सुविस्नुलखिसाँची ॥
मिलेउ ब्रह्मका विस्नु सुखारी * विस्नु चरन ब्रह्मै सिर धारी ॥
दोउ जन मिले परस्पर भाई * तबहिं विस्नु बोले सिरनाई ॥
हम नहिं तुम्हैं जानि उरमाहीं * रहेंन अज्ञान ज्ञानउरनाहीं ॥
दो॰ चूक छिमौं यह नाथ मम भा हमते अपराध ।
तुमतो हमरे हिर्दयमा नहिंजाना भैव्याध १२५ ॥
चौ॰ ब्रह्मलोकहम तुमकाजाना * यहनारद मुनिदीन्ह्योंज्ञाना ॥
क्रम २ कथा कह्यो चौरासी * तुम्हैंबतायहिर्दयअभिनासी ॥
तब होय बाल ज्ञान धरि देहीं * मिलेनआयतुम्हें परमसनेही ॥
मुलु यक भूल तुम्हरे उरमाहीं * रह्यो निकट चेतायहमैंनाहीं ॥
तब ब्रह्मा बोले यह बानी * करिसतसंगजानैंमोहिंज्ञानी ॥
जो हम तुम्हैं चेताइ अनंगा * तौं उठि जात धर्म सतसंगा ॥
बिनु सतसंग हमैं नहिं पावै * जिमिमेंहँदी अरुणाइछिपावै ॥
येहिविधिदोउजनमिलिबतलाने * अपरचरित कछुसुनौंपुराने ॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेविस्नु
ब्रह्मामिलापेज्ञानरूपेनारदउसतसंगेविस्नुसक्तेत्राभे
नामत्रयोदसोअध्याय १३ ॥

---

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

कच्छकथा ॥

दो० कच्छरूपकै कथा अब कहौं मतिसरिस बिचारि ।
सज्जनसुनिविस्वासधरिहिर्दयममिलैंखरारि १२८॥

चौ० चारिवेदखटसहसपुराना ✻ सब गुरिया जानौं परमाना ॥
यहु सतसंसागर है सूता ✻ नामसुमेर जपैं अवधूता ॥
देहँ सकल खट वेद पुराना ✻ सतसंसागर जीउ प्रमाना ॥
गुरियादेहँ कथा सब जाना ✻ जीवसूत उरज्ञान भुलाना ॥
दस अवतार कथा उर माहीं ✻ ताहि भेद कोउजानत नाहीं ॥
दसअवतार हिर्दय अवतारा ✻ ताहि कथा बरणौं संसारा ॥
तीनौं लोक हिर्दय के माहीं ✻ सज्जन सुनौं छुआछल नाहीं ॥
ज्ञान प्रेम औ भक्ति सरूपा ✻ सतसंसागर स्तुति कर भूपा ॥
वेद पुरान नदी सम जाना ✻ सतसंसागर नरबद ज्ञाना ॥
सब पूरब यहु बहै पछाहाँ ✻ कढ़ा उदधि ते बहै अथाहा ॥
हिर्दय कथा यहिमा अधिकारा ✻ तीनौं लोक विराट पसारा ॥
जेहि बिधि छीरमथा भगवाना ✻ सुनौं सुजनमन चितदैकाना ॥
कह नारद ते विस्नु बुझाई ✻ छीर मथन हित रचौ उपाई ॥

दो० चारि वेद खट सहस सब ई बन भै परमान ।
मन सारंग माछी भयो लायो सहत सुजान ॥
कच्छ रूप कै कथा अब सतसंसागर रूप ।
सुन्दर अर्थ सो सहतहै खाँय सुजन जन भूप ॥
लावहु मन्दर ज्ञान बर डारौ हिर्दय पयोधि ।
देवअसुर सबजोरिये काढौं रतनसुसोधि १२९ ॥

चौ० डाँड़ी प्रेमकटोरीज्ञाना ✻ अँइँचनियाँ सूरति सुभजाना ॥
सूरति सेस बिकट अवतारा ✻ ज्ञान मन्दराचल स्तुति सारा ॥
नारद चले दइतन के पासा ✻ विस्नु बचन लै परम हुलासा ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

काम क्रोध मद मोह अपारा * अहंकार छल भ्रम मतवारा॥
त्रिसुना दुबिधा अरु अज्ञाना * दगाबाजिअधरमदुखनाना॥
संसय चिन्ता इरखा पुरखा * भूल गुमानसोमान सुसुरखा॥
कपट मयावी लोलुप कर्मा * चोरीजुआँ सो अपर अधर्मा॥
मान गुमान सान भट भारी * तामस तमाँ सोच उर धारी॥
आतमघाती अरु मन पापी * परदुख सदाँ सो परसंतापी॥

दो॰ सबदइतनते कहत फिरैं नारदमुनि समुझाय।
चलौ छीरके मथनहित पठवा बिस्नु बोलाय॥
पइहौ अमृत सब जनें अमर होउ संसार।
महाबली कोउ जीतै नहिं देव न पइहैंपार १३१॥

चौ॰ परद्रोहीमोंही अभिमानी * कोही लपटी सान गुमानी॥
बिन बिसवाँसी बे परतीती * तजिनिज धर्मसदाँअनरीती॥
छूति दोख चंचल दुरबुद्धी * हिंस्या जीव सो सदाँ कुबुद्धी॥
लम्पट कपटी कुटिल गँवाँरा * चुगुल चवाई चपल छिनारा॥
दम्भ दइत इति नाम गनाये * ई नृप अपर सैन समुदाये॥
इनका नेवत दीन नारद मुनि * सैनसैनमिलिआयसुभटधुनि॥
तब नारद ते कह भगवाना * अबदेवतनका लावोसुजाना॥

दो॰ दया सांति बिस्वास सति भक्तिभाव बैराग।
प्रेमप्रीतिनिज २ धरम राम नाम लौलाग॥
दानी नेमी सातुकी बिज्ञानी धमवाँन।
प्रीतिबिबेकसमानचित दुबिधारहितअमान१३२॥

चौ॰ द्रिढ़ताबिरतिसदाँसन्तोखी* परहितहिर्दय प्रेममनपोखी॥
दम्भ रहित हिंस्या मद नाहीं * प्रेम प्रतीति भजन मनमाहीं॥
निरछल कपट रहित संसारा * वेद प्रतीत सो ब्रह्म बिचारा॥
स्रुति पालक घालक मदमोहा * सकल सनेह न मन परद्रोहा॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

इरखा छल मन सपनेउँ नाहीं * नाम सनेह देवस निसि जाहीं॥
हारि जीति उर बैर न प्रीती * नहिंसपनेउँमनआवैअनीती॥
स्रवण वेद नयनन मा भानू * असुनीकुमार घ्राण हनुमानू॥
जिब्भ्या बरुण इन्द्रकर जाना * सब इन्द्रियन देव अस्थाना॥
इन्द्री देवता निज उर माहीं * लै आवौ बेलम्ब कुछु नाहीं॥
सुनि नारद देवतन के नामा * चले बुलावन मुनि सुखधामा॥

दो॰ देवलोक नारद गयो कह्यो सुरन ते हाल।
चलहुसकलममसाथमिलितुम्हैंबोलायकृपाल १३४॥

चौ॰ चलेसकलनारदकेसाथा * आय धरा हरिके पद माथा॥
सकल सुरासुर अंतर माहीं * भयो भीर कहिजातसोनाहीं॥
तबहिं बिस्नु बोल्यौ असबानी * सुनौं सुरासुर बचन प्रमानी॥
मथन समुद्र जतन हम कीना * तुम्हरे हेतसो श्रम मन दीना॥
जाव दैत तुम लावो मन्दर * डारौं निज उर छीर समन्दर॥
चले दइत सुनि बचन प्रमाना * लइ आयौ मन्दरचल ज्ञाना॥
नारद सहित सो देव पठाये * जाउ सेस तुम देउ जगाये॥
चले सकल सुर नारद साथा * गयो पताल सेस पद माथा॥

दो॰ धरि अस्तुति करने लगे जाग्यो सेस सुजान।
बिस्नुबचनसबप्रघटकहि सुनासर्फस्रुतिज्ञान १३५॥

चौ॰ चल्यौसेससबसुरनकेसाथा* आय बिस्नुपद नायोमाथा॥
तब प्रभु कहा सकल ते बैना * सुनु सुर असुर बातममचैना॥
सेसनाग मुखकी जो ओरा * पकरे ऐंचनि भट बरजोरा॥
तेहिका अमृत देहौं पियाई * पूँछ तरफ सो मदिरा खाई॥
येहिबिधिछलकीन्ह्यौं भगवाना *असुरनसुनतभयोअभिमाना॥
डाँड़ी प्रेम ज्ञान लै मन्दर * सूरति सेस सो ऐंचनि सुन्दर॥
डार्यौ छीर समुद्र के माहीं * लाग्यो मथन महाँ बलजाही॥
मुखकी ओर दइत धरिलीन्हा * पूँछ पकरि देवन श्रम कीन्हा॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

लाग्यो मथन सुरासुर जबहीं * कच्छ रूप हरि धार्यो तबहीं ॥
पीठि धर्यो मन्दरचल भारा * मन्दर ज्ञान सो भार अपारा ॥

दो० एकबार मन्दर घुम्यों सेस दीन फुफकार।
चउथ्याईसोअसुरजरे भयो निमिखिमाछार ॥
दूजिबार मन्दर फिरा आधे असुर सिंघार।
तीजिबार मन्दर जबहिं भयो तिहाँवाँ छार ॥
चउथयाँई खजरहिगयो निकरिरतनदसचारि।
सालिकरामअनंदजग फूलबरखिसुरभारि १३८॥

चौ०छीरउदधिअंतरकढ़ेरतना*चउदहअपरसुजनसुनौंजतना॥
कहौं रतन के नाम बखानी * प्रेमसहित मृदु कोमलबानी ॥
चन्द्र लच्छिमी जहर बखाना * कामधेनु मदिरा अरु पाना ॥
रम्भा अमृत औ ऐरापति * तुरँगघृत्तऔ औखदिसति २ ॥
चिन्तामणी कल्पतरु जाना * इ कढ़ि रतन वेद परमाना ॥
इति उर रतन काढ़ि भगवाना * ताहिअर्थ कुछु सुनौं सुजाना ॥
लच्छन लछिमी मन है चन्दा * बिखहैं बिसय कालकरफन्दा ॥
कामधेनु कामना पसारा * मदिरा मद अभिमानबिचारा॥
पान प्राण पांचो उर सारा * प्रान वदाँन बयान सो सारा ॥
रम्भा रमण सुरति संसारा * तेहि भे प्रघट देहँ अवतारा ॥
अमृत आत्मा अँवर जहाना * करि गनेस निजनामबखाना॥
तुरँगतुरी यक हिर्दय अवस्था * जाहिपास नहिं आवै बेवस्था॥
ज्ञान सो घृत औखद है दाया * चिन्तामणि चिन्ता मनपाया॥
दुइ चिन्तना प्रघट संसारा * यक साँची यक झूँठि बिचारा॥
झूँठी उर आवै उड़ि जाई * राम कृपा साँची नर पाई ॥
कल्पबृच्छ कल्पना जोई मन * सालिकराममिलैं सोइ२धन ॥
रतन अर्थ दै ब्रह्म प्रसादा * सुनत सुजनदेहैं आसिरबादा॥
छीरमथन जस कह्यों बिचारी * अब जस बांध्यो सुनौं खरारी॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

दो॰ लच्छनलछिमी बिस्नुलै पालन हित संसार।
मद मदिरा दइतनंदियो पियत भये मतवार॥
हाथी दीन्ह्यों इन्द्रका पूजउ नाम गनेस।
पायो भानु तुरंग तुरि उड़ैं अकास नरेस॥
अमृतआत्मासुरनदय पियउध्यानधरि अमर।
तुम कबहूं मरिहौ नहीं कोउनहिं जीतै समर॥
आत्मा निश्चय भूलिहौ तब होइहौ हैरान।
कोटिनमिलैंकलेसतन नहिंमरिहैं उरप्रान १४२॥

चौ॰ज्ञानसोघृतसंतनकादीना * रामरूप लय भयो अधीना॥
रम्भा रमण दीन संसारा * माया रूप सृष्टि बिस्थारा॥
कामधेनु कामिन का दीन्हा * लेउ कामना जैं जस कीन्हा॥
चिन्तावालेन दै चिन्तामणि *सेससमानधरा निजफणिफणि॥
तेहि छिन जौन कामनावाले * कल्पबृच्छ करि ताहि हेवाले॥
बैदन सतगुरु दीन धनत्तरि * अज्ञानिन रोगिन मारौ अरि॥
दीन्ह्यों पान प्राण संसारा * एकुइ एकु सो करौ अहारा॥
मन चन्द्रमा सकल घटबासा * मोह निसा उर गँगँनप्रकासा॥
धरि चन्द्रमा बिस्नु उरमाहीं * चन्द्र हिर्दयविस्सुम्भरिछाहीं॥
ग्यारह रतन बाँटि संसारा * बिखनहिं कोउकरि अंगीकारा॥
तब नारद ते हरि कह बानी *कुछु बिष जतनसोकहौबखानी॥

दो॰ तबहिं बिस्नुते जोरिकर कह नारद असज्ञान।
बिनु संकर जग कोकरै जहर हलाहलपान॥
कहा बिस्नु नारद सुनों सकल सुरन लैसाथ।
संकर जाय जगाहू नायो चरनन माथ॥
बिस्नु बचनसुनि सुरनलै नारदकीन पयान।
लाग्योअस्तुतिकरनसुर नारदसहितप्रमान १४७॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

छं॰ लाग्योकरन सुरझारी। अस्तुतिविमल त्रिपुरारी॥
जै दीनबन्धु दयाला। अब आव ममहितकाला॥
मथिछीर विस्नु वोदारा। करि चउद रत्न पसारा॥
मन जाहिभाव सोदीना। यहिविधि जतनहरिकीना॥
त्यारा रतन दै बांटी। अब जहर रह परपाटी॥
तेहि देखि सबकोउ भागा। जनु काल सबका जागा॥
कोउजातनहिं तेहिपासा। जो खाय तनकर नासा॥
तब बिस्नु हमते बोले। सुन्दर बचन अनमोले॥
तुम जाउ संकर पासा। जो चहौ प्रान बिलासा॥
हुँआँ सम्भु लागीतारी। अस्तुति करौ सुरझारी॥
जो जागैं दीन दयाला। तब खाँय सबकर काला॥
अस सोर भै कैलासा। तब जागे शम्भु विलासा॥
तब देखि सुर सिवझारी। मुख छाई कालखुमारी॥
कहबचन सम्भु सुहाये। तुम देव सब कहँ आये॥
जसकीन अस्तुतिझारी। तस कह्यो प्रघट कमारी॥
सुनि सुरनके सब बैना। भै सम्भु के उर चैना॥
भै दीन बन्धु तयारा। वृखसाजि चले वोदारा॥

दो॰ नारद सुरन समेत सिव अस सोहत मगजात।
भक्ति रूप संकर धरे ज्ञान सो सभा बतात॥
बिस्नु पास पहुँचत भयो संकर सभा समेत।
साश्टांदंडवत करि परिगे धरणि अचेत १४६॥

चौ॰विस्नुउठावासिवनिजभाई* बारबार निज हिर्दयलगाई॥
रतन कथा क्रम २ सब भाखा * गुप्त भेद कुछु गोय न राखा॥
तब सिव कहा जोरि करतारी * अबहमैंमरजी कहा तुम्हारी॥
कहा बिस्नु यहु जहर कराला * जोकोउ पियै ताहिकर काला॥
तीनिलोक मा असकोउ नाहीं * जोकोउ जान जहरका खाहीं॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

जान जहर जो खाय सुजाना * तेहि के होइ हैं बाहुँ अजाना ॥
जो कोउ भक्ति रूप अवतारा * अस्त्रम परे चहै करै अहारा ॥
वहिका बिख ब्यापै नहिं भाई * यहिलायकतुम अहौगोसाँई ॥
भक्ति जहर जैं कीन अहारा * वहिका का करि बिख संसारा ॥
यतने बचन बिस्नु जब बोले * तब संकर कृपाल द्रिग खोले ॥
गुरु पितु मातु साधु की बानी * चहै जो होय लेब हम मानी ॥
सबकर हित जेहिमा होइ भाई * सो हम लेब मानि सुखदाई ॥

दो० अस कहि प्याला जहरका संकर लीन उठाय।
रामनामउर सुमिरिकै चरणामृतअसपाय १५० ॥
जाय दीन नहिं जहरउर बिस्नु सम्भुगरदाब।
बिस्नुबसैं संकर हिर्दय जाना हम मरिजाब १५१ ॥

चौ० नीलकंठ तब ते हर भयऊ * सकलसुरनउबार करिदयऊ ॥
खाय बिखै बिख सब संसारा * सालिकराम अनन्द वोदारा ॥
यहिबिधि रतन बाँटि करतारा * धरि मोहिनी रूप अपारा ॥
अमृत देव बटत सुखदाई * राहु दइत छलकीन्हों आई ॥
मार्‍यो हरि होयगे दुइ खंडा * राहु केतु दुइ भयो प्रचंडा ॥
अपर दइत भट करि सिंघारा * पुनि कुछु कथाकहौंस्रुतिसारा ॥
दूसर रतन अर्थ सुखदाई * सुनोंहरिजनमनबुधिचितलाई ॥
लछिमी भे सबधन संसारा * कउड़ी लै हीरा अवतारा ॥
और सकल धन येहिके बीचा * अन्न बस्त्र औ ऊँचरु नीचा ॥
बिखभेसकल जहरजग भयऊ * सर्फआदिसब नसा सो लयऊ ॥
कामधेनु भे भइँ सब गाई * धर्मबेलि यहि जगमा आई ॥
दीन धर्म गइया कर रूपा * सबचरअचर ब्यापिजगभूपा ॥

दो० कल्पबृच्छ सबतरु किये पातनसहित बनाय।
चिन्तामणिसबउपलकरिदीनागिरिनप्रगटाय १५२ ॥

चौ० वहिपरबतनिजउरमणिबासा * पावैंखोदिजग्तकोउदासा ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

ऐरापति हाथी संसारा ❋ कीन गनेस रूप अवतारा ॥
स्यामकरण घोड़ा प्रघटाई ❋ सुर्ज आदि सबराजन पाई ॥
मदिरैं सब जग मद प्रघटावा ❋ वेदरूप कुलधन सुतिगावा ॥
रम्भैं सकल नारि उपजाई ❋जहँलगिरतिपतितहँछबिछाई॥
चारिखानि सबजोइनि जहाना ❋ सबमा रतिपति बेद बखाना ॥
पापबेलि अस जग्त बनाई ❋ कीन्ह्यौंमुक्ति भजनसुखदाई ॥
औखधि सकल बेलि प्रघटावा ❋ होंय धनत्तरि बैद बनावा ॥
घृतभे भयो काम अवतारा ❋ जिनरतिकासुखदीन अपारा ॥
यह माया बिच पैदा सृस्टी ❋ करैं आप सब ईसुर दिस्टी ॥
सब रस येहि घृत पैदा कीना ❋ सकल स्वाद सृस्टीका दीना ॥
अमृत प्रघटकीन सब दासा ❋ नामअमरहारिजनकहिंखाँसा ॥
पान भे भयो पात संसारा ❋ बेलिरूप चर अचर पसारा ॥
पान प्रान ब्यापे जग जाना ❋ प्रान बदाँन बयान समाना ॥
मान रूप जगमा अवतारा ❋ बीरा सकल बीरता सारा ॥

दो॰ येहिबिधि चौदह रतनभै प्रघट्यो सब संसारि ।
जेआयेतेहिबिदाकरि बेहिलच्छिमीप्यारि १५३ ॥

चौ॰शेसगयोलैमणिनिजधामा❋करिअस्तुतिसुरगयसुखसामा॥
बिस्नु चरण धरि सिउकैलासा ❋ छीर समुद्र आपकरि बासा ॥
येहिबिधि भयोकच्छ औतारा ❋ कीनसरिसमतिबिमलपसारा॥
सुनु अगरीमति बिमलपुराना ❋ कच्छकथायेहिबिधिभगवाना॥
अगम अपार पारनहिं जाही ❋ रामकृपा कुछु भाख्यों ताही॥
निरगुण सरगुण बिमलमयङ्का ❋ चन्द्रसुर्जलखि म्याँटौ सङ्का ॥
यक औतार हिर्दयके माहीं ❋ निरगुणकोउजगजानतनाहीं॥
निरगुणजसयहिमा अधिकारी ❋सुनुअगरीमातिदिलमनप्यारी॥
सरगुण सुजस बिदितसंसारा ❋ निरगुण नहिंकोउकरैबिचारा॥
जेहिबिधि तीनिलोक उरमाहीं ❋ अगरीकह्योंसकलतोहिपाहीं ॥



CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

दो० कहा आगरिमति सुनौंप्रभु धनिपदशब्द तुम्हारि।
नारि अहिल्याजसतरी तसतरि मतहिमारि १५४॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरिते कच्छअवतारेसमुद्र मथेदेवतादइतसंगुक्रेचउदहरत्नेबाँटनेनामचतुर्दसोअध्याय १४॥

ब्रह्मकमल प्रगट कथा॥

चौ० पूजिविस्नुपदछीरसमुन्दर * पायोबर लछिमीहरिसुन्दर॥
रहे ससुरारि जग्त के नाथा * नायो छीर बिस्नुपद माथा॥
दीन बास पाताल सुजाना * जहाँ सेस तहँ रहो भगवाना॥
सूरति सेस सेजपर सयना * लक्षिमीसहितकरौसुखअयना॥
सुनि अस बिस्नु गयोपाताला * कीन सैन फनपर निजकाला॥
कीन्हेंकाल सहसफन छाया * कीन्ह्यों सैन बिस्नुमन भाया॥
लागीं लछिमी चरन पलोटन * द्याखैंपदनिजतृणकी ओटन॥
तेहिछिननाभिकँवलकढ़्योएका * कँवलफूटिभै ब्रह्म बिबेका॥
ब्रह्मा चारि वेद लै आये * चारौ भुजा प्रेम छबि छाये॥
चतुरबरणश्रुतिमुखविधिचारी * जनुसोभा तिहुँलोक पसारी॥
यक्कर जजुर एक रिगिधारी * एक अथरबण स्यामसँवाँरी॥

दो० चारिवेदलय ब्रह्मकढ़ि रिगिजजु स्याम अथर्ब।
वेदते भयो सास्त्रखट न्याय पतंजल सर्ब॥
सास्त्र मिमांसा विशेखिका सांखि और वेदान्ति।
सास्त्रनकर्मनप्रगटकरिकर्मतेजग्गिनक्रान्ति १५६॥

चौ० जग्गिनमेघप्रघटिसंसारा * मेघनेजलजलसृस्टि पसारा॥
तिनते भई पुरान अनेका * प्रघट अस्टदस एक विवेका॥
सुना ब्रह्मपति भये अवतारा * दासी सारद हिर्दय बिचारा॥
लै वसिस्ट सुत दोउजनितहँवाँ * आईप्रघट भयोबिधिजहँवाँ॥
तेहि अँवसरनरदौमुनि आये * नित नवीन ब्रह्मा गुनगाये॥
सनकादिक आयो तेहिंबारा * परमहंस वेदन अवतारा॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

सबन धरा ब्रह्मा पद माथा * पितुपति देखतभयोसनाथा ॥
पाँचो सुत सारद लै आगे * कहा ब्रह्मा ते बचन विरागे ॥

दो० दासी सारद सहित दोउ पाँचो सुत यकसाथ।
लै ब्रह्माके आगे भई चरनन नायोमाथ १५७ ॥

चौ०सुनहुनाथईममसुतपाँचा * करौ उपकार इन्हैं कुछुसाँचा ॥
कुछु मारग इन्हैं देउ बताई * निज२ काज जाँय सबभाई ॥
तब दै ब्रह्म वेद सनकादी * लेव सुत सदाँ ब्रह्मतुमबादी ॥
दै वसिस्ट मुनि शास्त्र पुराना * दीन गात्त्री सब सुखदाना ॥
उपरहिती वसिस्ट मुनि दीन्हा * सो वह ब्रह्मपुत्र नहिंलीन्हा ॥
नहिं मैं लेहौं उपरहिती कर्मा * सबते नीच महाँ यहु धर्मा ॥
तबविधि कहा साँचि यहबाता * मुलु यकलाभ बड़ी है ताता ॥
त्रेता मद्धि लेहैं अवतारा * पूरन ब्रह्म राम संसारा ॥
सो तुम्हारि होइहैं उइ सेवक * ध्यावत जाहि चराचरदेवक ॥
सुनि वसिस्ट करि अंगीकारा * तब नारद दै नाद बिचारा ॥

दो० येहिविधि सुतनासिखायविधि भयो पुत्रआनन्द।
ब्रह्म पिताउरवचनधरि कटयोभरमकेफन्द १५८॥

चौ०वेदरूपसनकादिकभयऊ * नारद नाद रूप होयगयऊ ॥
सकल जग्त दै राज वसिस्टा * तारौ खल जगसबपापिस्टा ॥
जग्त रूप वसिस्टमुनि भयऊ * आगिलचरितसुनौंसुखदयऊ॥
तब ब्रह्मै अस हिर्दय बिचारा * करिहौं वरण प्रघट संसारा ॥
मुख ब्रह्मण छत्री भुज भयऊ * कटिभैबइस जग्तसुखदयऊ ॥
सूद्र चरण अवतार जहाना * येहिविधिब्रह्मसृस्टिपरमाना ॥
ब्रह्मण पुज्जि छत्रि दै राजू * बइस कर्म कीन्ह्यौ सुरकाजू ॥
सेवक सूद्र सदाँ निज धर्मा * निज २ धर्म परापर कर्मा ॥
ब्रह्मण ब्रह्म आप अवतारा * जसमैं प्रथमैं कह्यौं बिचारा ॥

दो० यहि विधि चारौ बरण भय एकरूप अवतार।

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

कोउमुखकोउभुजकटिकोऊकोऊचरणश्रुतिसार १५९॥

चौ० अबजसप्रघटभयोजुगचारी*कहौंकथामतिसरिसबिचारी॥
सतजुग ब्रह्म रूप अवतारा * परसराम करि राज अपारा॥
भये त्रेता सनकादि सो छत्री * वेद विप्र कर बाँधे अत्री॥
भये सनकादि राम अवतारा * कीन्ह्यों असुर कर्म सिंघारा॥
भये वसिस्ट दोवापरकर रूपा * कर्म प्रधान बइस कृस्नभूपा॥
नारद सूद्र भयो कलिकाला * घर २ विग्रह राज कराला॥
येहिविधि प्रघट भयो जुगचारी * चारहु वरण राज संसारी॥
सकल विराट रूप संसारा * नहिंबिचारकरिकुमतिगँवारा॥

दो० आगरिसुमति पुनीतजस येहिविधि सबसंसार।
जेसुनिहैं अरु बाँचिहैं ते उतरैं भवपार १६०॥

चौ० येहिविधिसुतनदीनउपदेसा*जाउबासजहँनिजनिजदेसा॥
तब अस्तुति नारदमुनिकीन्हा * जयनिजपितानादविधिदीन्हा॥
विधि मूरति चर अचर समानी * धरिउर ब्रह्मगयो मुनिज्ञानी॥
पुनि अस्तुतिकीन्ह्योंसनकादी * ब्रह्मपिता दै वेद अनादी॥

श्लोक॥ रिग्तिधुनिअखंधुअज्तज्ञानभानं। प्रसीता दिसाल्यमसमद्रीस्टिसंत्वह॥ जज्रुरस्सोय्महंश्रुतिस्वरस रीरं। भज्तत्मासिवोहंवरकल्पकल्पहः १ स्म्यत्ततोहंप्रण य्तचौलच्वं। त्रेयलोकभास्ममममप्तसोतुरित्म॥ रूप्से थरबँणसुंन्यमसोआत्मा। सुंन्यमसरूपाकाल्तसोदा त्मह २ देब्ममहात्माप्रतीत्पसोछंन्दद्म। अनंद्मपर प्ब्रह्मसुच्तितासरूप्म॥ यत्तधुनिअखंड्मब्रजित्भ्रमसोका ल्म। प्रसीतादिसतग्रुरआनंदकन्द्म ३॥

दो० करि अस्तुति सनकादि श्रुति वेदगयो संसार।
परहितबिचरनलागिमहि वेदबाल अवतार १६१॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

चौ॰पुनिअस्तुतिवशिस्टमुनिकीन्हा✱आशिरवादब्रह्मबरदीन्हा
बस्यो वशिस्ट अवधमाजाई ✱ ब्रह्मरूप उपरहिती पाई ॥
सारद दासी रहिं उरमाहीं ✱ कँवल मद्धि ब्रह्मा बसे जाहीं॥
कँवलब्रह्मगयकँवलहिर्दयहरि ✱येहिबिधिब्रह्मसोसृस्टिप्रघटकरि॥
मतिअनरूप कथा मैं बरनी ✱ भवसागर के सुन्दर तरनी ॥
यह सुनिकथा परमपदपावै ✱ जीवन मुक्ति वेद जस गावै ॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेब्रह्मप्रघटेकँवल
मध्येभगवतहिर्देपुत्रउउपदेसेबरणनाम
पंचदसोऽध्यायः १५ ॥

पापी लछिमीकथा ॥

चौ॰अबलछिमीजससुनौंबिचारा✱जुगुलरूपजेहिविधिअवतारा॥
एक धर्म यक पाप बिचारा ✱ तेहिकर भाग करैं श्रुतिन्यारा॥

दो॰यकब्रह्मणकन्यारहै तेहिलछिमिनियाँनाम ।
तरुणअवस्थासमयजब तबलाग्योतेहिकाम॥
तबकन्याबोलतभई सुनोपिता निजबात ।
ममलछिमिनियाँनामहै करौंविस्नुब्यहतात १६३

चौ॰कहब्राह्मणसुनुसुतासयानी✱ का तुम नसा खाय बौरानी ॥
कहां बिस्नु हैं यहि संसारा ✱ जो ढूढ़ौं मैं नर जग न्यारा ॥
तेहिते कोहु नर करौ बिवाहू ✱ लेई हम सब नयननलाहू ॥
नहीं हँसउवा होय हमारा ✱जो तुमनिजउर बातबिचारा ॥
बहुकुछु पितैं दीन निज ज्ञाना ✱नहिं कन्यैं कीन्ह्यौं कुछुकाना ॥
तब ब्राह्मण घर दीन निकारी ✱ जाव ढूढ़ौ बर जहां खरारी ॥
सुनि पितुबचन सुताभइठाढ़ी ✱ चलिभै बन अनन्दउरबाढ़ी॥
गइ यकबन जम्बूतरु देखा ✱ पोल हिर्दय बैठीं पितुलेखा ॥
कन्द मूल बनके फल खाये ✱येहिविधिदोवादसबर्खगँवाये॥
निसदिन विस्नुध्यान उरमाहीं ✱ सपनेउँ आन भरमउरनाहीं॥
जय अंतरजामी भगवाना ✱ कब लेहौमम खबरि सुजाना॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

जोप्रभु दीनबन्धु श्रुति गावा * इच्छयाफलदासन कहुँपावा॥
तब हमारि पूजौ अभिलाखा * जोहमउरकुछु छलनहिंराखा॥
हुँआँविस्नु असमनअनुमाना * यहकन्या मम दास सोजाना॥
यहि मँशा पुरवब हम जाई * असकहिहरिचलिभेहरखाई॥
धारि सन्ततनु पहुँच्यो तहँवाँ * कन्याब्राह्मण तपकरै जहँवाँ॥

दो॰ गये पीपर के पास हरि कन्यैं दीन अवाज।
को जम्बूतरुमा घुसा कौन काहिकाकाज॥
हम ब्राह्मण की छोहरी कीन्ह्योंजम्बूधाम।
बिस्नुपतीमनममचहै लछिमीहमरोनाम १६५॥

चौ॰ तबकहहरिहमतुमपरपरसन * बाहेरकढ़उकरौममदरसन॥
हम आयेन तव करन बिवाहू * बाहेर कढ़उ लेहु तप लाहू॥
देखि सन्त तन मन सकुचाई * फिरि पीपरतरुमाघुसिजाई॥
कह तुम को छलकीन्ह्यों आई * देहौं श्राप तन मूल नसाई॥
कहा सन्त हमहीं हरि इच्छेया * नहिंपरतीतितोलेहुपरिच्छेया॥
कह कन्याँ कस जानी मम बर * मोरमुकुट नहिं तनपीतम्बर॥
जस कन्याँके वर मन भावा * तेहिछिनतसहरिरूपदेखावा॥
कन्याँ देखि विस्नु उर आगे * कोटिनउपमाजग लघुलागे॥
जो ब्यापे चर अचर समाना * सोइकन्याँ बरलख्योसुजाना॥
तब करजोरिचरण रहिगयऊ * कीनबिवाह बिस्नुसुखभयऊ॥

दो॰ लायो लछिमी वेहिकै गयो लच्छिमी पास।
हाल बतायो ताहि कर छीरसोसुता उदास॥
छीर सुता कह बचन अस ईतौ पाप औतार।
मम इनके सरबरि कहाँकहौसोनाथ बिचार॥
पाप धर्म यक साथमा कबों न रहैं कृपाल।
पापआगिनि जल धर्म है एक २ कर काल १६८॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

चौ॰कहाबिस्नुईतुमसमनाहीं * पापै धन पाइहैं मन माहीं ॥
इन्हैं तुम्हार हिसाहै आधा * तुम धम जगा इ जइहैं बाधा॥
चोरी जुआँ पापके माहीं * ई रहि हैं उन के निज पाहीं॥
हाकिम डाँड़ै परै जग डाँका*तुमलगिहौजहँ चलिममसाका॥
सकल सूमघर इनका बासा * जहँ ई होंय सजसतहँनासा ॥
भाँड़ तमासा खइहैं बेड़िया * कीमहिमिलैकिखाँयपतुरिया॥
छूटि परै कर कोऊ उठाई * जाय जहाँ बहुरै नहिं भाई ॥
जहँ पापी लछिमिनियाँ जइहैं * तहाँ धर्मके बेलि उठइहैं ॥
अँवर बेलि बिन जर अवतारा * परैं जाहि तरु करि हैं छारा॥
तइसे पापी लछिमी जानौं * बिना धर्म जर वेद बखानौं॥
जहँ तुम तहँ मम कारज होई *कोइमन्दिरमहिजितितनकोई॥

दो॰ दुइ हमारि हैं रूप जग एक पाप यक धर्म ।
धर्म भे सुजस अनेकबिधिपापभेसदाँअकर्म ॥
इनका मिलिहै पाप पति पापैसुत औतार ।
तुमकामिलिहै धर्मबरु सुजसअजससुतसार ॥
अजस पुत्र भय पाप के धर्मपुत्र जस सार ।
येहिबिधिहिर्दयबिबेककरिदुखतजिकरौबिचार १७१॥

चौ॰सदाबर्त ब्रह्मण सेवकाई * गउवन सन्त हेत जगजाई ॥
ताल कुवाँ परस्वारथ माहीं * खाँय खँवावैं मद कुछु नाहीं ॥
सदाँ दीनहित लागै जोई * इनके घरन बास तव होई ॥
लीला राम औ ठाकुरदोवारा * करैं पाठ पंडित दरबारा ॥
रहस रंग प्रभुहित जहँ होई * तहाँ तुम्हार बास हम सोई ॥
तीरथ धाम बर्त के माहीं * तहाँ तुम्हारबासश्रुति कहहीं॥
काम क्रोध मद लोभ विहाई * तहाँ धर्म लछमी बसौजाई ॥
इन्हैं तुम्हार नाम कर नाता * तुमजहँ धम ईजहँ उतपाता॥
दया रूप तुम लछिमी छीरा * ई हैं सुता ब्रह्म अदैनीरा ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

दूनौं जनी रहौ घर माहीं * सवतिसुभावनमनअरसाहीं॥
यहि बिधि दुइ लछिमीसंसारा * कह्योंकथामतिसरिसबिचारा॥
दो० सुनैं कहैं लछमी कथा करैं बिबेक विचार।
हौंयचहैंनरनारिकोउ सहजतरैंभवपार १७२॥
इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेलछमीजसे
पापपुन्निविभागेवरणननामखस्टदसोअध्याय १६॥
रामनामप्रतापकथा॥
दो० कछु कथाइति श्रि भई जो सुनिहैं नरनारि।
सालिकरामसोसबकरैं इछेयापूरखरारि १७३॥
चौ०अपरब्रह्मजसकहौंबखानी * सुनौं आगरी सुमतिभवानी॥
निरगुन ब्रह्मसगुनजगकरिहौं * आतमतालसूखिजलभरिहौं॥
गुप्तसकल इतिहास पुराना * करिहौंप्रघट विवेक पुराना॥
जेहिबल मुक्ति सम्भु दै कासी*जेहिबलब्रह्मस्रस्टिअभिनासी॥
जेहि बल विस्नु पाल संसारा * जेहि बल सेसधरे महिभारा॥
जेहि बल सकल धाम जगपूजे * तीरथ सकल गनाओंदूजे॥
जेहि बल चन्द्र भान तमटारा * कछु प्रकास जेहिबलदैतारा॥
जेहिबल भार धरनिसबलीन्हें * सब चरअचरजीउतनदीन्हें॥
जेहि बल हनोमानगिरिलाये *लायसजीवनि लखनजियाये॥
जेहि बल अंगदभट जगभयऊ * पाँव रोपि लङ्का मा रहेऊ॥
दो० जेहिबल सब चरअचर जग करैं देवसनिसकाम।
सोईनामजससारश्रुति सुनुमति सालिकराम १७४॥
चौ०जेहिबलसन्तकरैंपरमारथ * कहैं पुरान कोटि महभारथ॥
जेहि बल नारद नाद बनावा * ईसुर असुरन समरकरावा॥
ईसुरता ईसुर जेहि बल करि * तीनिलोक अपने उरमाधरि॥
जेहि बल कर्म धर्म संसारा * चलै स्रस्टि आगे परिवारा॥
जेहि बल टिकै दया उर भाऊ * कर्म कलेस पाप भ्रमजाऊ॥
CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

टिकै भाव बिश्वास जहाना * निश्चयरूप प्रघट भगवाना ॥
जेहि बलभयो अधम परतापी * गनिकाजमनसधनजगपापी ॥
सेवरी गीध काग अरु मीरा * जेहिबल भयो दासरणधीरा ॥
जेहि बल कर्मरेख टरि जाई * कहौं कथा सोइ सबसुखदाई ॥

दो० जेहि बल चीन्हैं आपका लै ऐना कर कर्म।
सोइसबकथाप्रसंगअब सुनुअगरीमतिधर्म १७५ ॥

चौ० देस काल सब वेद पुराना * संतसकलसुरमुनिइतिज्ञाना ॥
तजि आतमा राम संसारा * अपरन तिहुँपुर तेजपसारा ॥
सतसंसागर आतम रामा * भवसागर कर सेतुसमाना ॥
धरि बिस्वास उतरिहैं दासा * जीवनमुक्ति ब्रह्मपुर बासा ॥
वेद पुरान सकल रस जानी * मन सारंग लायो बर बानी ॥
सतसंसागर सहत प्रमाना * सकल रोग नासैं भगवाना ॥
राम दास जो कोउ जगमाहीं * ते यह कथा सुनतसुखपाहीं ॥
सुनि यह कथा करैं खलतर्का * बानी बान लगत उरखर्का ॥
सोइ निस्चर जान्यो संसारा * सालिकराम तेहिबधऔतारा ॥
खलभुवंग बिख भरे सरीरा * सुनत राम जस लागैं तीरा ॥
परसिहाँतिमतिमलिनजहाना * नहिं सपनेउँसतसंसुनिकाना ॥
लागै फीकि कथा सुनि तेही * उर बिश्वास नहिंरामसनेही ॥
सदाँ कुसंग हिर्दय अभिमाना * इरखा पुरखा सान गुमाना ॥
तिनके हेत कथा यह काला * छूटे चक्र जहान कराला ॥

दो० मान बड़ाई ते रहित राम कथा संसार।
सुनैं रामकेदास कोइ जिनके बिमल बिचार ॥
कहौं प्रबंध बिचारि उर मच्छ राम औतार।
बर्तवान सुन्दर रचित सालिकराम बिचार ॥
सुनुअगरीमतिसतधरम जेहिविधिसतजुगमाहिं।



CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

सोसबकहौंप्रबंधअब हिर्दयछुआछलना।हिं १७८॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेरामनामप्रतापे दासतारेजसेवरणननामसप्तदसोअध्याय १७॥

---

संखासुरकथा॥

चौ० एकसमय सतजुगकेमाहीं * धर्म सेवाय कतहुँ अघनाहीं॥
घर घर होंय आतमा पूजा * सत्ति सेवाय धर्म नहिं दूजा॥
ज्ञान अखंड राज मन माहीं * तामसछल सपनेउँ उर नाहीं॥
घर २ कर्म धर्म निज जाती * निसदिन करउर बिधिकैपाती॥
पुरुखन लोलुप नारि पतीव्रत * आतमराम चढ़ा हिरदैं सत॥
चोरी जुआँ कपट नहिं सपने * रहैं अनन्द धर्म निज अपने॥
आवा जाही तिहुँपुर माहीं * कोउपरधननहिंदेखि सिहाहीं॥
सतजुग जुइनि लाखचौरासी * घट २ ब्रह्म हिर्दय अभिनासी॥
यह जानैं सब नर अरु नारी * सुनुअगरीमति हिर्दयदुलारी॥
ब्रह्म बिचार ब्रह्म के लोका * बिस्नु सत्ति बैकुंठ असोका॥
नाम बिचार बिमल कैलासा * साधुरूपयह बिमल बिलासा॥
सिद्धि सतोगुण सब नर नारी * माया चिंता बिरति बिसारी॥

दो० सब जोगी बैराग उर चढ़ाहिर्दय अनुराग।
तनमनधनकैखबरिनहिं रामचरणलवलाग १७९॥

चौ० चारौबरणसोनिज २ धर्मा * निसदिनहिर्दयब्रह्मनिजकर्मा॥
चरण चारिजुग धर्म पसारा * सकल नारिनर ब्रह्म बिचारा॥
पुर्ष रकार नारि सो मकारा * यह बिचार सब के संसारा॥
दया सांति सब के मन माहीं * यक २ जिउ सब जीव समाहीं॥
सब जिउ सब सब करहे रूपा * एक द्रिस्टि मानस सम भूपा॥
यहिबिधिसकलहिर्दयभैज्ञाना * तीनिलोक अपने उरजाना॥
सब विद्या निज बचन अहारी * सब्द पदारबृन्द उरधारी॥
सब ब्रह्मा सारस्वत नारी * अगरीसुमतिप्रेम अधिकारी॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

दो॰ ज्ञानअखंड समानचित परहित सबमनमाहिं।
प्रेमसंतनरनारिसब अनँददेवसनिसिजाहिं १८०॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेकृतउजसे बरणननामअष्टदसोऽध्याय १८॥

---

मच्छ औतार कथा॥

चौ॰ जहँसुखतहँदुखवेदबखाना * अपरकथाकछुसुनौंसुजाना॥
प्रथमैं सुख पाछे दुख लेहू * दुखसुखसम श्रुतिसारसनेहू॥
सुखमा सब जग मन हरखाई * सकलजग्तदुखमाबिलखाई॥
ब्रह्म अनन्द जबहिं असआई * तब माया दुख रच्यो उपाई॥
वही ब्रह्म ते एक अचानक * प्रघटी संका प्रबल भयानक॥
संखासुर तेहि नाम बखाना * ताहि प्रभावसकलजगजाना॥
आपन काल आप उर माहीं * जिमिभीतर घुन काठैखाहीं॥
तेहि बिधि संखासुरजगआवा *जिमिकलिसबांजेउसंकैंखावा॥
चारिउ वेद भेद हरि लीना * जग्तबेकल भा आँधरमदीना॥
सब सुखगयोद्रिस्टिश्रुतिसाथा * हरि उरगये भा जग्त अनाथा॥
दयानन्द जिमिहरिश्रुतिधरमा *कलिमाप्रगट्योभ्रस्टअकरमा॥

दो॰ धर्ममेटि कलिप्रघटअघ बड़े २ सुजन बिगारि।
दयानन्दश्रुतिमानिजोई संखासुरदलभारि १८१॥

चौ॰प्रतिमासकलअपनितसवीरा* जेहि उररामबसे रणधीरा॥
ईसुर अंस जीव स्तुति गावा * दयानन्द सो धर्म उठावा॥
ब्यापक ब्रह्म चराचर वेदा * खायो दयानन्द दै खेदा॥
प्रतिमा नाम ते नहिं कुछु भेदा * रूप नास जस नामैं वेदा॥
मृतिकाकास्टउपल जलप्रतमा * तस माटी तन झूँठ सोसर्मा॥
प्रतिमा देंहँ म नामैं सारा * जाहिपच्छ जो जहँजसधारा॥
दयानन्दि कै जहँलगि देंहीं * सब प्रतिमा सम झूँठि सनेही॥
प्रतिमा छोंडि न छाँड्यों देंहीं * मायामोह क्रोध बस्यो ग्रेहीं॥
नारि पुत्र भाई अरु बन्धू * तेहिमा परे करैं खल धन्धू॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

यकतौ कलिक्रम सपरत नाहीं * सब जिउ बस मायाके माहीं॥
तनकुकरतिरहैं जो कछु करमा * दयानन्द सोउखललै धरमा॥
दो० कर्म चहै बहु देय तजि पहिले तजि संसार।
नाहिंतो होइगे भ्रस्टखल संखासुर औतार॥
कर्मचारि जुग धर्मलखु ज्ञानजग्गिअरुपूज।
कलिजुगकर्मसोनामनिजसालिकरामसोबूझ १८३॥
चौ०दयानन्द संखासुर जानी * कीन्ह्यों धर्म परापर हानी॥
सब जग आँखी वेद पुराना * जैसे भानु देवस भगवाना॥
सो संखासुर संकैं खावा * जैसे राहु सुर्ज उर लावा॥
उरगहु मच्छ भयो औतारा * संका संखा मन मछ तारा॥
जिमिमछरी उर प्रघटभयोहरि * संखासुरमास्योजगको अरि॥
तिमि मन मींननाम मछ प्रगटे * हिर्दयउदधि संकासुरफटके॥
दइत मारिलै वेद पुराना * सब जगदीन प्रकाससमाना॥
वेद पाय खुलिगा सब भेदू * जिमिरबि प्रघट भये तमखेदू॥
दो० गयो भूत भ्रम हिर्दय सब खुलिगे कर्म केवार।
जीवहिर्दय आनंदभै निकरेसकलदुवार १८४॥
चौ०आपनरूपचीन्हिसबकाहू * बुझिगैहिर्दयअनलभवदाहू॥
संका मरि जिउ भयो असंका * राम नाम सूझ्यो उर अंका॥
गयभ्रमसकलअधमअँधियारी* भानु प्रातप द्रिस्टि भै भारी॥
गय कलि गुण तमसंका भारी * सतजुगब्रितिचलिभैनरनारी॥
इतिनिरगुणजसनिजउरमाहीं * नाम मच्छ प्रघट्यो मन पाहीं॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेनिरगुण
संखासुरअवतारेमच्छजन्मेसंखासुरबधवेदप्रासेका
बिन्नजसेबरणननामनौमोदसोअध्याय १६॥

---

संखासुरबध कथा॥

चौ० अवसरगुनजसकहौंबिचारी* जस अगरीमतिअहैहमारी॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

चारिउ वेद खाय संखासुर * अपना बसै उदद्धी सदाँ उर॥
कीन्हेंसि सतजुग भिस्टजहाना * जबते हरिगे वेद पुराना॥
मनमानी लागे सब कारन * सतजुगभयो पाप औतारन॥
कर्म धर्म उठिगै मरजादा * सब जिउकरै लागि बकबाद॥
नहिं मानैं कोउ ब्रह्मण साधू *जिउमनमृगसबखलभैब्याधू॥
जसकलितससतजुगहोयगयऊ *जेहिछिनसंखासुरखलभयऊ॥
देखिलेउ सब कलिके धरमा * तस संखासतजुगकरिकरमा॥
कहँ लगि कहौं पाप अधिकारी * जबते हरिगे श्रुति जगचारी॥
तबतेहिछिनजोकोउरहेसज्जन * जे सरस्वती करैं नितमज्जन॥
ते जस दुखी भयो संसारा * अस नाहीं भा कोउ संसारा॥
तिन अपने मन जुक्तिबिचारी * दीनबन्धु हैं सदाँ खरारी॥
का सुनिहैं नहिं मोरि पुकारा *तीनि लोक ब्यापक करतारा॥
असबिचारकरि अस्तुतिठानी * लाग्यो करन वेद बर बानी॥

छं० लाग्यो करन सोइ सुजस अस्तुति वेदबचन बिचारिकैं।
ब्यापक चराचर आतमा परमातमा उर धारिकैं॥
जै हरण दुख निज दास के सब आस के पुरवनवले।
संखसुर दै कस्ट नस्ट भय भिस्ट जग श्रुति गय चले॥
जय कच्छ मच्छ करौ संखसुर हमआतमा दुख पावहीं।
तुम्हरे धरे अवतार बिन खल संखसुर को मारहीं॥

सो० सुनि अस्तुतिअसदास भइबाणीआकासउर।
सब हरिहौंमैंत्रास अभय होउ तुमसकलसुर॥

दो० दै देवन उपदेस अस ब्रह्मरूप भगवान।
कौलागि प्रभुजतन वह दइत नास कल्यान॥
एकमच्छरहै उदधिमा तेहि राघव जग नाम।
एकसमय गा संखसुर कीन बिखम संग्राम॥
राघो प्रभुके दास रहैं तन मन धन दै राम।

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

ताहिहिर्दयनिकरेप्रभू असुर मारि दै धाम १८७॥

चौ० पेटुफारि कीन्ह्यों दुइपल्ला * माऱ्यो असुर भयो जगहल्ला॥
दहिना अंग लीन भगवाना * विजयहेत जग जीतसुजाना॥
ताके भयो संख दुइ धारा * यक माया यक ब्रह्म बिचारा॥
जै जै कार भई संसारी * बरसैं देव सुमन सब भारी॥
सतजुग धर्म चले संसारा * जबते वेद लाये करतारा॥
जबते मच्छरूप धरि मारा * तबते खुलिगे ब्रह्म केवारा॥
जै जै कार भयो तिहुँलोका * गयोभरम जिउ भयोअसोका॥
जस सतजुग प्रथमै रहैभावा * मच्छक्रिपा सबहिन तसपावा॥

दो० सकल नारिनर मच्छगुन गावैं सतजुग माहिं।
मोक मोह सन्देह भ्रम सपनेउँ चिन्तानाहिं॥
देखि ज्ञानकर रूपजग माया करै झप्याट।
चूकिजाय जो दास जग माया पकरै फ्याँट॥
वदर उदधि मन मीनहै ताहि फारि करतार।
संखासुरकेहेतलगि आतमनम औतार १६०॥
तीनिलोक आनन्द दै प्रभु भै अंतरध्यान।
सुरअस्तुति दंडवतिकरि जैति मत्स भगवान॥
सुनैं मच्छ जस नारिनर ते पावैं सुख धाम।
धरिबिश्वासबिचारकरिहिर्दयमसालिकराम १६२

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेमत्स्यअवतारे
संखासुरबधेवेदप्राप्तेसरगुणजसेवरणन
नामबीसवांअध्याय २०॥

---

वाराहकथा॥

चौ० अपरकथासुनुसुमतिसुआगर * जेहिबिधिभैबराहसुखसागर
वहौं बराह कथा सुखदाई * हरिजनहित सुन्दरि मतिभाई॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

बिमल बिराग सांति पददेनी * मन बुधिचित अपनैं लैलेनी॥
मच्छ प्रताप गयो दुख भारी * कुछुदिन अनँद चली संसारी॥
फिरिरसरस सोख्यो सबपानी * तिमिजगसकलमहत्मानबानी॥
जैसे दर्बि परी महि जाई * तेहि ऊपर परै छार उड़ाई॥
तैसे महँ पुरसन की बानी * माय छार परि परीं छिपानी॥
कुछुदिन बादि गयो वहमूँदी * खुली गै दर्बि परीं जब बूँदी॥
कोउतहँपहुँच्यो जायसुजाना * पायो दर्बि विमल वर ज्ञाना॥
छिपीदर्बि परिगै निजहाथा * तब तेहिं धरा राम पद माथा॥
बूँदी सतगुरु बचन बिचारी * ज्ञानदर्बि सुनुसुमति सुनारी॥
गयो दलिद्र पाप अधिकारी * सब जन्मन के कर्ज उधारी॥
कोउ जौंहरी हाथ गा हीरा * कीन्ह्यों पारिखि धारिसरीरा॥
जग्त नास सब मरतै जाई * देंयँ पुरानैं पता सुनाई॥
सो पुरान माया परिछारा * हीरा नाम तोपि संसारा॥

दो॰ हीराहाथे सुजन गा करिपारिख तेहिं मोल।
परस्वारथमालागवहु सज्जनकरैं कलोल १६३॥
सन्तधेनुसुर दीन हित श्रुतिपुराण हित जानि।
और कोऊ इच्छया जेही मिलैं हमें भगवान॥
यतनेन का सब हितभयो हीरा पावत ज्ञान।
दइतनहेत कलेसभै जहांलगे अभिमान १६५॥

चौ॰ यकहीरा दुइदासजहाना * एकदास यक दइत प्रमाना॥
दुइमा जेहि के हाथे लागी * सो तसभयो जग्त माभागी॥
दास हाथ तब दइत दुखारी * दइत हाथ तब दासन मारी॥
सकल सुरन का डारै बाँधी * जगमा चलै तेजजनु आँधी॥
सकल धर्म तरु देय उखारी * येहिबिधिसुनुअगरीमतिनारी॥
जो गा दइत निसाचर हाथा * तबउइ सब जग करैंअनाथा॥
वहिबल खँईचैं सक्ति जहाना * फिरि लै दंड करैं अभिमाना॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

पुनितेहिछिन सतजुगके माहीं * वह मणि हरन्न्याच्छकेपाहीं॥

दो० सुनौं बेवस्था तेहि समय जस परिगै संसार।
सुनु अगरी मति कानदै प्रघट दइत औतार॥
हरनाकुस हरन्न्याछदोउ ईआहींसगिभाय।
दोवारपालजयविजयहरि आपसोमुनिकरपाय १९७

चौ० तेहिहितभयोदइतखलआई* जिनजगमाध्रमबेलिउठाई॥
हरन्न्याछ सोइ कथा पुरानी * वेदसारसुनु सुमति भवानी॥
हरन्न्याछ तन अस बलभारी *सो बरणौंजसबिमलबिचारी॥
मणिबल लइगा धरनिउठाई * लै पताल मा राखेसि जाई॥
गुदरी अस लपेटि सिरहाने *सब चरअचरजीउअकुलाने॥
कहैं सकलहा कच्छ सो मच्छा *कीन दइत खल हमैंअकच्छा॥
भई सुमति ब्याकुल संसारा * सूझन आपन हाथ पसारा॥
हरन्न्याछ करि हानि जहाना * हरिलइगामति धीरजज्ञाना॥
हानि हरन्न्यछ धीरज धरनी *धरेसि पतालपता नहिंकरनी॥
की करनी जस कीन अपारा *तस फल पइबे हम संसारा॥
हानि देखि धीरज तन भागा *को धीरज धरै बिनुअनुरागा॥
हानि हरेव धीरज संसारा * भयोहिर्दयसुरबेकलअपारा॥
बिलखैं इन्द्री सकल अनाथा * हाय राम कहि कूटैं माथा॥
हरन्न्याछ धरनी जस लइगा * धीरजहर्यो हानिदुखदइगा॥
धीरज धरनी हरे सब हारे *कोउसज्जनअसहिर्दय बिचारे
राम भक्त कोउ रहे सुजाना *तिनधीरजधरिअस्तुतिठाना॥

छं० जैजै सुखसागर ब्रह्म उजागर धीरज धरनि सो दइता।
हम देव दुखारी सरण पुकारीधरेसि पताल सो सँइता॥
सब घटबासी जै अभिनासी करौ सहाँय हमारी।
आत्मा रामा अपर न ध्याना हरौ कलेस खरारी॥
धीरज धरनी हरिगै करनी भा कलेस मन माहीं।

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

जैजै प्रभु मच्छा दइत मलिच्छा दै कलेस सुख नाहीं॥
भिस्टा कोटा सब बिधि खोंटा जोर चलै नहिं काहू।
जै २ श्री रामा सालिक रामा हरौ भार दुख दाहू ५॥
दो॰ इन्द्री सुरन पुकार सुनि भयो बराह बिबेक।
हरन्न्याछ बधधरनिलै राख्योसब सुर टेंक॥
धीरज धरनी लाय प्रभु दीन सुरनका आय।
तीनहुँलोक अनन्दभइ जगकैटरी बलाय १९९॥
चौ॰ हरन्न्याछबधिहरिसोइसोका॥जेहिबलभटकाँपैतिहुँलोका॥
अस्तुति करैं देव मुनि भारी ॥ मार्‍यो दइत सोर भय भारी॥
बरखैं फूल सुमन बहु माला ॥ जै २ धुनि चहुँओर कृपाला॥
जै २ कमठ मीन बाराहा ॥ कीन्ह्यों सकलसुरन निरबाहा॥
हरन्न्याछ मार्‍यो अघरासी ॥ काट्यो सकल सुरन कै फाँसी॥
हरन्न्याछ हनि हानि कृपाला ॥ लायो धीरज धरनि दयाला॥
तीनहुँ लोक भयो आनन्दा ॥ कटिगे सकल कालकेफन्दा॥
रूप बिबेक बराह नाम निज ॥ मार्‍योहानिहरन्न्यछदुखबिज॥
भई प्रकास सुमति संसारा ॥ नर नारी उर करैं बिचारा॥
धन्नि बिबेक वराह बिसाला ॥ जिनमार्‍यो जगहानिकराला॥
दो॰ जै बराह धुनिजगतमा जीव चराचर माहिं।
करिउपायखलमार्‍यो निरगुणजसईआहिं २००॥
हरन्न्याछ लखु हानिका धरणीधीरजजानि।
भिस्टकरमभिस्टालखो सुनुउरसुमतिभवानि॥
इन्द्री सुरन सनाथकरि चली सुमतिसंसार।
सुनैं सकल नरनारिजे भये बिबेकऔतार २०२॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेनिर्गुण
बाराहजसेहरन्न्याछबधेधरणिप्रासेबरणन
नामबीसयकोअध्याय २१॥



CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

चौ॰ अबसरगुणजसकहौंबखानी * सुनौंप्रघटमतिसुमतिभवानी।
जबते हरन्याछ महि लइगा * जीवसकलमहितनदुखदइगा॥
बिस्टा कोट बनायेसि भारी * भागि चले महिके सुरझारी॥
तेहिते जोर चलत नहि काहू * बिनप्रभुको दुखहरिहै दाहू॥
ज्ञान ध्यान धीरज धम भागे * हरन्याछ दै कस्ट अभागे॥
सकल सुरन भा कस्टबिशेखी * राम रूप उर परै न देखी॥
सकल देवता छूति डेराहीं * बिस्टा जोर चलत कुछुनाहीं॥
जे सज्जन कोउ रहे जहाना * तिनअपनेमनअसअनुमाना॥
दीनबन्धु बिनको दुखहरि है * हरन्याछ मलिच्छको मरि है॥
असबिचारकरिअस्तुतिठाना * वेद सार बिचार भगवाना॥

छं॰ वेद सार बिचार ब्रह्म अपार दुख भव भंजनं।
आनन्दकन्द हरुफन्दमन्द मतिदेतदुखजिउदारुनं॥
तुमबिनकृपालको जालकाल करालखल्ल मतिमारिहै।
हरन्याछखलदइतमहिले सँइतयेहिकोटकोपैउबारिहैं॥
तुम ब्रह्म व्यापक चराचर अस वेद सार बतावहीं।
सोइ जीव सबदुख फाँसिपरे दुखसिन्धुमाखलडारहीं॥
सुरसन्तगोद्विजधेनुदुखलखि हमसकलजन दुखमापरे।
ऊबार करौ अबदीनबन्धु हम देव दुख आगी जरे ६॥

दो॰ दीनबन्धु सुनि दीन पद भई अभयनभबानि।
मैं तुम्हरे लगि हेतजग तनधरि मरिहौं हानि॥
असबिचारकरि ब्रह्मउर तेहिछिन भयोबराह।
वहीबिस्ट का टारिकै कीन्ह्यों दइत अहार॥
लायो धरनि छोड़ायकै दीनजग्त फइलाय।
सब सुर महा अनन्दभये जगकै टरीबलाय॥
असधरणी बीरन धरी मनहुँ गोबर्धन केस्न।
सब देवन अस्तुतिकरी प्रभुके कीन्ह्योद्रस्न १०६॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

चौ० जै बराह धुनि भै चहुँ ओरा * भलमास्यो यहु खल अघघोरा॥
तुम बिन असको करै सहाँई *सुनि अस्तुति असदीनगोसाईं॥
जै बराह जस गावैं घर घर * फूले कँवल मनहुँ वनसरसर॥
यहिबिधिजब जग धर्मबिनासा * होंय औतार हेत निजदासा॥
मारैं दइत सुजस फइलावैं * सुनि २ सुजनमहाँ सुखपावैं॥
यहि बिधि सुखदै अंतरध्याना * भयो बराह समय भगवाना॥
जोसुनि कथा प्रेम नर नारी * प्रभु बराह जस सबभवहारी॥
ज्ञान ध्यान तेहि मिलै विवेका * धीरज मिलै रहै जग टेका॥

दो० निजमतिसारिस बराहजस सुनु अगरी मतिएह।
रामनाम भे सकल दुख नासैं करौ सनेह॥
हीरा रामक नाम है सदाँ रहै अनमोल।
यहसज्जनकोउजानहींसालिकरामकलोल २०८॥

इति श्रीसतसंगसागरेमानसेआनन्दकन्देब्रह्मचरितेवाराहसगुणजसेसुरआनन्देहरन्याछवधधरणिप्राप्तेबरणननामबीसद्वितीयोऽध्याय २२॥

## नृसिंह कथा॥

चौ० अपरबिचाररामजसबानी *कहौं कथासो बिमलबखानी॥
जेहिबिधि नरसिंहभये औतारा * राम नाम प्रघट्यो संसारा॥
सो सब कथा कहौं सुखदाई * परम बिचित्र प्रबन्ध बनाई॥
वेद पुरान सार परमारथ * सुनि२कथादासहोंयस्वारथ॥
ब्रह्मा ग्राम नाम जोइ सारा * सो अब प्रघट होंय संसारा॥
गुप्त भेद यह कोउ नहिं जानैं * अपनेहिदर्यसोमनअनुमानैं॥
करि अनुमानभजन सबकरहीं * रामनजान्यो निजउरघरहीं॥
सो अब कथा कहौं मतिअगरी * रामनामजग महिमा पसरी॥

दो० रामनामजोहिर्दय निज व्यापकसकलजहान।
कहौंकथा परमानश्रुति नारदादिउरज्ञान २०९॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

चौ० एकसमय नारद करबीना * नितनयेहरिगुणकरतप्रवीना ॥
करत नाद उर लिये खरारी * तेहिछिनबनमिलिएककुम्हारी॥
आँवाँहित कंडा गइ बीनन * नारद देखि भई मतिदीनन ॥
साधुरूप सुन्दर सुखकारी * कुम्हरी सीस चरणमाधारी ॥
पुनि नारद पूंछा तेहिं हाला * तुमबनको फिरौसुरतिबेहाला॥
कहात्रिय हमहैं जाति कुम्हारी * मृतिकानेंहसो ब्रित्ति हमारी ॥
बेंचि खाँन भाजन संसारा * अउरनजाननभजन बिचारा ॥
तब नारद बोले मुसकाई * अबगतिकी कछुसुधिहै माई ॥
कहकुम्हारि अबगतिका दासा * तबनारद असबचनप्रकासा ॥

दो० सुनु कुम्हरी असबात मम रामनाम संसार।
तेहिकाजानौंहिर्दयनिज तब उतरौभवपार २१०॥

चौ० तुमभाजनगढ़ौतुम्हेंकैंगढ़ा * जेहिबलजग्तचलैसबलढ़ा ॥
जैं तुम्हें गढ़ा ताहि का जानौं * जग्तचलैजेहिबलतेहिंमानौं॥
यतनी बात जानि जो लेहू * सोइ अबगति है रामसनेहू ॥
कह कुम्हारि उइ कहँ हैं रामा * जिनहमैंप्रघटपरमसुखधामा॥
जिन बल लढ़ा चलै संसारा * यटके पर जो करैं उबारा ॥
तेहि अबगतिकर भेदबिचारी * कहौसत्ति मोहिं दास खरारी ॥
सुनि कुम्हारिके बचन अमोले * उरबिचार नारदमुनि बोले ॥
लागे कहन ज्ञान मुनि साँचा * राम रहस जो तिहुँपुर माँचा॥
ब्रह्मग्राम नाम जोइ रामा * देन लागि उपदेस समाना ॥
सुनु कुम्हारिजगसिरजनहारा * आतम ब्रह्म हिर्दय संसारा ॥
सब के घट सब सिरजनहारा * तीनहुँलोक हिर्दय अबतारा॥
कढ़ैं बीजते तरु जग नाना * जीउरूप होय देहँ समाना ॥
भीतररचैं सृस्टि अभिनासी * ऊपर माया अपनैं फाँसी ॥

दो० येहि बिधि जानौं ब्रह्मउर जैं प्रघटा संसार।
जे जानैं ते मानहीं सज्जनविमल बिचार २११॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

चौ० कपिअरुकीरफँसेजेहिभांती * बिलखतफिरैंदेवसअरुराती ॥
घट घट राम बोलि जो रहेऊ * तेहिबललढ़ाजग्तयहुचलेहू ॥
जोइ सिरजै वहै पालै मारै * आपै आप ख्याल सब कारै ॥
नट बाजी गढ़ खेल जहाना * अन्तर सति ऊपर भ्रमसाना ॥
सत्ति राम येहि विधि उरमाहीं * बिनु देखे प्रतीति उर नाहीं ॥
तेहि कोउजगमा चीन्हँतनाहीं * तीनौं लोक चीज़ निज पाहीं ॥
ताहिविना सबजग बिलखाना * सकलहिर्दयब्यापकभगवाना ॥
रामभजन बिनु अबगति नाहीं * देखु कुम्हारी निज मनमाहीं ॥
जस २ नारद बचन प्रकासा * तस २ धरै कुम्हारि बिश्वासा ॥
नारदमुनि बताय अस ज्ञाना * तेहिछिन तहँभयेअंतरध्याना ॥
सुनि नारदके बचन पुराना * तबकुम्हारिअसमनअनुमाना ॥
मित्थ्या साधुबचन नहिं होई * कोइ दिन ज्ञान देखिहौं सोई ॥
अस उर ज्ञान चली घर माहीं * देखे बिनु नहिं मन थिर ताहीं ॥
पहुँची धाम हिर्दयमाचिन्ता * कबदेखिहौं कससाथी दिन्ता ॥

दो० कुछुदिन सोचबिचार गय भयोप्रघट प्रहलाद।
रामनाम ई खोलि हैं जग कै कटै बिखाद ॥
नारद ज्ञान कुम्हारि दै रामनाम श्रुतिसार।
कुछुकुम्हारिऔकातिनहिं जोजगकरतिपसार ॥
निजदासनके बचनहित प्रगट्यो जनप्रहलाद।
सोइ अबकहौं प्रसंगसब आगरि अनहद नाद ॥
यक दिन अँवसर आयगा जो नारद दै ज्ञान।
यक मंजरि बच्चाधरे आँवाँ बीच प्रमान २१५ ॥

चौ० लागिधरैआँवाँबिचभाजन * खेलतगयेप्रहलादतहाँजन ॥
देखि मंजरी सुत नृप ताता * कह प्रहलाद कुम्हारीतेबाता ॥
केहि कारन मंजरि जिउ जारी * सत्तिबचनकहौमोहिंकुम्हारी ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

तब कुम्हारि असबचनबखाना * इनकै रच्छया करैं भगवाना ॥
कह प्रहलाद कई ना मारि हैं * बरत अगिनिईककसउबरि हैं ॥
की कुछु नसा खाय बौरानी * जो जिउ कीन्हें डारसि हानी ॥
कह कुम्हारि सुत सुनौंबिचारा * सिरजन पालन मारनहारा ॥
इनका राम इन्हें मा जानी * घट२ राम बोलि रहे बानी ॥
आपन काल आप मा जाना * जिमिलकरीघुनुखायजहाना ॥
सबफल सबतन जिमिपरैंकीरा * कोटिन प्रघट होंय तन पीरा ॥
जिमि उर पैदा सृस्टि जहाना * बीजा मद्धि बसे भगवाना ॥
आपै राम रूप संसारा * को केहि मारैं कौन उबारा ॥
आपै आगी आपै बच्चा * आपै झूँठा आपै सच्चा ॥

दो० सुना कुम्हारी ज्ञान अस तब बोले प्रहलाद।
जोयहुज्ञान तुम्हारसति तौलखि तजौंबिखाद ॥
जेहिदिनआँबाँखोलितैं तेहिदिन लिहुसुबुलाय।
जोजिउ जियतै पाइहौं तो तुम्हें गुरू बनाय ॥
नाहिंतो लेहौं गड़ायमहि जिउ जियतै तैंबारि।
असकहिगैप्रहलादघरअदभुतकलानिहारि२१८ ॥

चौ० हियँाकुम्हारीमनउनमाना * यहुका कहिगे सन्तसुजाना ॥
गा मोफतमा जान हमारा * जो जिउमरे अगिनिकीधारा ॥
यह बिचार जबहीं उर आई * ऊब लहरि मानौं दरियाई ॥
जो कुछु दुख जग ब्याकुलहोई * स्वाद राम पावै जग सोई ॥
भा कुम्हारिब्याकुलमनजाना * करनलागिअस्तुतिभगवाना ॥
जय भगवान सकलघट बासी * करौ उबारजीव नहीं फाँसी ॥
अगिनिरूप तुम आत्मारामा * क्रोध दासहित सीतलछाँमा ॥
तुम्हरी दाढ़तरे संसारा * चहौ जेहि मारौ चहौ उबारा ॥
लहुरा अगिनि जठर करुनेहू * तुम सरगुन उइ निरगुनगेहू ॥
तुम्हमा उइ उनमा तुम जाहू * दोउजनमिलिजगसुजससराहू ॥

CC-0. Digital Donation Received and Uploaded by eGangotri on behalf of Anonymous Donor

तुम्हरै नाम चलै संसारा * नाहिंतो बुड़ि है मौंजीधारा ॥
दो॰ दीनबन्धु ई बचन मम करो सत्ति उर राम।
नहीं प्रान प्रहलाद लेहैं सति२ सालिकराम२१६॥
चौ॰ बासुदेव तुम रामैं रूपा * राम ब्रह्म पुर नाम अनूपा ॥
जठरा रा लहुरा माकारा * हम दासी पाई संसारा ॥
बूड़त वेगि बाँह गहि लीजो * गुरुके बचन सत्ति करदीजो ॥
नहिं मम प्रान दास मरजादा * आँवाँ खुलत लेहैं प्रहलादा ॥
अस अस्तुति कीह्यो मनमाहीं * मन रमिगयो राम के पाहीं ॥
तनमनधनघर खबरिभुलाई * कुछुघरि अनँदसो कुछुबिलखाई॥
जब समुझै निजराम सुभाऊ * उमगै प्रेम हिर्दय गुरुभाऊ ॥
जब कुछु दुबिधा मनमा आवै * सोना होय जो जिउजरिआवै॥
गय दिनतीनि बीतियेहिंभाँती * कुछु घरि हर्ख सोक बिलखाती ॥
दो॰ जबतकनहिंबच्चालखै तबतक मन नहिं साँति।
उतरीपरीकमानजनु तिमितनुउतरीक्राँति २२०॥
चौ॰ तबबोलायपठयोप्रहलादा * आवउ देखन राम प्रसादा ॥
